हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## आठवीं बटालियन में घुसे चोर, दो घर में चोरी

### लगभग 7 घरों का टूटा ताला, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के हाईवे किनारे आठवीं बटालियन इलाके में बीती रात अज्ञात चोरों ने प्रवेश किया और यहां के दो घरों से नगदी सहित अभूषण चोरी कर लिया। अज्ञात चोरों ने लगभग 7 घरों का ताला तोड़कर चोरी का भी प्रयास किया है। रिपोर्ट पर पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईवे किनारे स्थित आठवीं बटालियन में बीती रात अज्ञात चोरों ने प्रवेश किया और यहां के दो घरों से नगदी सहित आभूषण की चोरी कर ली। बताया गया कि उक्त क्षेत्र में स्थित लगभग 7 घरों का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया है। चोरी एवं घरों का ताला टूटने की जानकारी जैसे ही बटालियन के लोगों को हुई हडकंप मच गया था।



**कैमरे में घटना कैद**

बताया गया कि चोरों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। घटना की रिपोर्ट पर लालबाग पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। ज्ञात हो कि उक्त क्षेत्र में पूर्व में भी चोरी की वारदात हो चुकी है। इधर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

# युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के महीनेभर बाद भी तीन दर्जन शिक्षकों ने नहीं दी ज्वाईनिंग

### चार शिक्षकों के वेतन रोके, आगे की कार्रवाई के लिए जेडी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए की गई युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद भी कई स्कूलों में शिक्षक की कमी बनी हुई है। इसके पीछे का मुख्य कारण प्रक्रिया के बाद जिन शिक्षकों को दूसरे स्कूल भेजा गया है, वे वहां ज्वाईनिंग नहीं दे रहे हैं। जिले में ऐसे करीबन तीन दर्जन शिक्षक हैं, जिन्होंने स्कूल खुलने के महीनेभर बाद तक नई पदस्थापना में ज्वाईनिंग नहीं की है। चार शिक्षकों के वेतन रोके गए हैं। वहीं बाकी के खिलाफ भी सख्त एक्शन की तैयारी कर ली गई है।

उल्लेखनीय है कि एकल शिक्षकीय, शिक्षकविहीन के साथ ही शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में समस्या दूर करने की मंशा से सरकार ने इस बार युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की है। जिसके तहत जिन स्कूलों में अधिक शिक्षक हैं, उन्हें दूसरे स्कूलों में भेजा गया है। जिले में भी प्रक्रिया के तहत राज्य शासन से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार काउंसलिंग में भाग नहीं लेने वाले शिक्षकों को शेष रिक्त पदों पर पदस्थापना दी गई। जिले में प्राथमिक शाला में 248 शिक्षक, 5 प्रधान पाठक और मिडिल स्कूल में 88, हाई, हायर सेकंडरी स्कूल में 90 के करीब अतिशेष शिक्षक थे। वहीं कुल 408 शिक्षक हैं, जिन्हें काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना दी गई है।




**करेंगे कार्रवाई**

युक्तियुक्तकरण के बाद कुल 36 शिक्षकों ने अब तक ज्वाईनिंग नहीं दी है। इनमें चार के वेतन रोके गए हैं। दुर्ग जिले से जिन शिक्षकों ने ज्वाईनिंग नहीं किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।

\- प्रवास सिंह बघेल, डीईओ, राजनांदगांव

**स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित**

जिले में 6 प्राथमिक शालाएं शिक्षकविहीन थी, लेकिन अब सभी शालाओं में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। वहीं 93 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय शाला थी। जबकि अब 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है। इसी तरह पहले 9 पूर्व माध्यमिक शाला एकल शिक्षकीय थी। जबकि वर्तमान में सिर्फ 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है। ऐसे स्कूलों के समायोजन से जिनमें छात्रों की संख्या कम है, वहां युक्तियुक्तकरण से विद्यार्थियों को फायदा होने के दावे किए गए थे, लेकिन कई स्कूलों में शिक्षको की ज्वाईनिंग नहीं किए जाने से आज भी कमी बनी हुई है।

**दुर्ग के शिक्षक नहीं आ रहे**

मिली जानकारी के अनुसार जिले में जिन 36 शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद नई पदस्थापना में ज्वाईनिंग नहीं दी है, उनमें सर्वाधिक 32 शिक्षक दुर्ग के शामिल हैं। दुर्ग से जिन 32 शिक्षकों को राजनांदगांव भेजा गया है, वे अब तक अपनी पोस्टिंग बदलवाने के जुगाड़ में लगे हुए हैं। वहीं राजनांदगांव जिले के ऐसे चार शिक्षक हैं। हालांकि इन चार शिक्षकों के विभाग ने वेतन रोक दिए हैं। वहीं दुर्ग के 32 शिक्षकों के खिलाफ एक्शन के लिए दुर्ग संभाग प्रभारी को पत्र लिखा गया है।

**सभी की अपील अमान्य**

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के बाद शिक्षकों को कारण सहित अपील करने का मौका भी दिया गया था। जिले में भी कुल आठ शिक्षकों ने अपनी अपील जिला स्तरीय समिति के पास की थी। इनमें विषय परिवर्तन, गंभीर बीमारी, स्कूल की दूरी अधिक होने जैसी बातें शामिल थी। हालांकि जिला स्तरीय समिति ने सभी आठ अपील को कारण देखने के बाद अमान्य कर दिया है।

### सावन का दूसरा सोमवार आज, शिवमय रहेगा शहर

## कांवड़ यात्रा-बाबा की पालकी में शामिल होंगे विस अध्यक्ष डॉ.रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सावन के दूसरे सोमवार को लेकर भक्तों में उत्साह एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल है। इस मौके पर मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति रहेगी। वहीं सुबह से कांवड यात्रा एवं दोपहर को महाकाल की पालकी निकाली जाएगी। पर्व को लेकर बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। ज्ञात हो कि सावन माह को भगवान शिव की आराधना व भक्ति के लिए प्रमुख माना गया है। विशेषकर सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना अति उत्तम माना गया है। सावन में चार सोमवारों का योग है, जिसे लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल है। पूरा अंचल शिव भक्ति में लीन है। ऐसे में कल सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में ओम नमः की गूंज बनी रहेगी।

**शिवनाथ नदी में उमड़ेगी अलसुबह भीड़**

सावन के दूसरे सोमवार को सुबह से कांवडियों का जत्था कांवड में जल लेने शिवनाथ नदी में पहुंचेंगे, जहां से जल लेकर शिव मंदिरों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। जिसके चलते नंदई से मोहारा रोड में कांवड़ियों की भीड़ बनी रहेगी। बोल बम के साथ निकली कांवड यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रहेगी। श्री बागेश्वर धाम द्वारा निकाले जा रहे कांवड यात्रा के क्रम में दूसरे सोमवार को सिंदूर तिरंगा कांवड यात्रा निकाली जाएगी।



फाईल फोटो

**शिवालयों में गूंजा ओम नमः शिवाय**

इधर शहर के मां शीतला मंदिर, मां पाताल भैरवी मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, मोतीनाथ मंदिर, भरकापारा शिव मंदिर, बांसपाईपारा शिव मंदिर, गांधी चौक स्थित शिव मंदिर, मोहारा शिवनाथ नदी तट शिव मंदिर, नया बस स्टैंड रोड बल्देवाग शिव मंदिर, तुलसीपुर शिव मंदिर, भानेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना किए जाने की व्यापक तैयारियां की गई है। सावन के दूसरे सोमवार को अंचल के शिवालयों में सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति बनी रहेगी। वहीं विविध धार्मिक कार्यक्रमों का क्रम होगा। इस दौरान ओम नमः शिवाय की गूंज रहेगी। सावन के दूसरे सोमवार को देखते हुए बाजार एवं मंदिरों के आसपास पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है, जहां से पूजा सामग्रियों की मांग भी भक्तो के बीच है।

**महाकाल यात्रा में निकलेगी पालकी**

सिंघोला महाकाल मंदिर से जुड़ी महाकाल सेना द्वारा कल सोमवार 21 जुलाई को क्लब चौक बसंतपुर से महाकाल यात्रा प्रारंभ होगी, जो महामाया चौक, गांधीनगर, महेश नगर, कमला कॉलेज चौक, रेस्ट हाऊस मार्ग, प्रभात नगर होते हुए महाकाल की यात्रा का विश्राम लालबाग लाल बागेश्वर धाम सिंधु कालोनी में होगा, जहां बाबा बर्फानी बाबा का बर्फ शिवलिंग विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। महाकाल की पालकी यात्रा को लेकर भक्तों में उत्साह है। इस दौरान कई स्थानों पर यात्रा का स्वागत सत्कार किए जाने की भी तैयारियां की गई है।

## कार में ले जा रहे थे कच्ची महुआ शराब एक आरोपी पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब कार में ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से कार एवं महुआ शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 20 जुलाई को मुखबीर के सूचना के आधार पर आरोपी शिवप्रकाश रामटेके 40 साल ग्राम पांडुटोला को अवैध कच्ची महुआ शराब परिवहन करते रंगे हाथ पकड़ा गया है। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी के अंदर पांच अलग-अलग सफेद रंग के पारदर्शिता झिल्ली में बंधा कच्ची महुआ शराब प्रत्येक झिल्ली में 7-7 लीटर कुल मात्रा 35 लीटर कीमती 7000 रुपए एवं एक सेंट्रो कार को विधिवत पुलिस ने जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 93% मतदान, आज काउंटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पंद्रह दिन से जारी मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव के प्रचार बाद आज शाम 4 बजे तक मतदान के साथ चुनावी प्रक्रिया संपन्न हो गई है। रविवार सुबह 7 बजे से शाम चार बजे तक, आठ घंटे के दरमियान तीनों श्रेणी के 2943 मतदाताओं में से 2760 मतदाताओं ने मतदान किया।

खास बात यह है कि पिछले कई वर्षों से चले आ रहे इस धर्मार्थ चुनाव में पहली बार 93 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसको लेकर भी इस धार्मिक चुनाव को लेकर समीकरण बैठाना दोनों ही पेनलों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। इस बार तीनों ही श्रेणी में मनोज अग्रवाल सेवा दल पैनल का पलड़ा भारी होने की चर्चा ज्यादा सुनने को मिली। जबकि भैय्याजी पेनल, नारायण अग्रवाल पेनल भी अपनी जीत का दावा करते नजर आए। संरक्षण श्रेणी में 522 मतदाताओं में 491 मत, आजीवन श्रेणी में 884 मतदाताओं में 804 मत और साधारण श्रेणी में 1537 में 1465 मतदाताओं ने मतदान किया।

कल प्रातः सुबह 7 बजे से शुरू होने वाली मतगणना को लेकर शहर में जीत-हार को लेकर जमकर दांव लगने की भी खबर सामने आई है। देखा जाए तो सट्टा बाजार में मनोज अग्रवाल सेवा दल पैनल के पक्ष में ज्यादा बाजार गर्म होने की जानकारी भी सामने आई।



**तैनात रही तगड़ी सुरक्षा**

आज मंदिर चुनाव का मतदान शांति ढंग से संपन्न हुआ। हल्के वाद-विवाद के साथ आदिवासी समाज के धरना प्रदर्शन और मंदिर परिसर के आसपास तगड़ी पुलिस व्यवस्था के बीच मतदान सफलतापूर्वक हुआ। आदिवासियों ने उक्त चुनाव को लेकर अपनी मांग को आधार बनाकर धरना प्रदर्शन की आशंका को भी प्रशासन ने पूरी गंभीरता से लेते अपनी सहभागिता निभाई।

**बदलना पड़ा सील**

आज मंदिर चुनाव के मतदान के दौरान बैलेट पेपर में निशान बनाते वक्त सील के रबर फिसलने के कारण कई मतदाताओं को परेशानी होने की जानकारी सामने आई है। बताया जाता है कि शिकायत के बाद सील को बदलकर उसे तुरंत ठीक किया गया।

**सीसीटीवी से निगरानी**

तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरा के साथ-साथ बड़े पैमाने पर पुलिस सुरक्षा बल की निगरानी में मतदान संपन्न कराया गया। एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुजाम, तहसीलदार नीलकंठ सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## मोपेड़ में शराब ले जाते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को नाकाबंदी कर पकड़ा। आरोपी से 36 पौवा देशी मसाला शराब बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 19 जुलाई को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नीले रंग के जूपीटर स्कूटर में अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मेन रोड चिखली के पास नाकाबंदी कर जूपीटर वाहन चालक को रोका। वाहन को चेक करने पर प्लास्टिक के थैले में रखे 36 पौवा देशी मसाला शराब बरामद किया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राजदास उर्फ टुमेश मानिकपुरी 21 वर्ष ढिमरपारा के खिलाफ कार्रवाई की है।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI ▸ RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444



## खबर संक्षेप

### ग्रामीण 23 को करेंगे चक्काजाम

**बांधाबाजार।** ग्राम पंचायत बांधा बाजार के ग्रामीणों ने विभिन्न समस्या और मांगों को लेकर आगामी 23 जुलाई को चक्काजाम आंदोलन करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि सन 2000 से बांधा बाजार पंचायत बनी है किन्तु अब तक राजस्व रिकार्ड में पंचायत का नाम दर्ज नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्राम में जिला सहकारी बैंक, शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव भेजा गया है जो अब तक लंबित है। प्रशासन की अनदेखी को देखते हुए ग्रामीणों ने सरपंच युवराज नेताम के नेतृत्व में 23 जुलाई को मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करने का निर्णय लिया है।

### ग्रामीणों ने बचाया घायल चीतल की जान



**डोंगरगांव।** आसरा में रविवार को भटककर आए एक घायल चीतल की जान ग्रामीणों ने बचाकर वन विभाग को सौंपा है। यह चीतल झुंड से अलग होकर भटक गया था, जिस पर कुत्तों ने हमला कर दिया। घटना की जानकारी लखन साहू को मिलने पर उन्होंने अन्य ग्रामीणों को सूचना दी। जिसके बाद सरपंच शरद वैष्णव के मार्गदर्शन में छोटू जगाने, खुमान साहू, ओगेश्वर साहू, रामु निषाद, नरेंद्र, लक्ष्य, सुरेश सहित अन्य मौके पर पहुंचे और कुत्तों के हमले से चीतल को सुरक्षित बचाकर गांव के साहू भवन में लाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद वन विभाग की उड़नदस्ता की टीम को सूचित कर चीतल को सुपुर्द किया गया। ग्रामीणों के इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है।

### कामिनी का प्रयास विद्यालय में चयन



**मुरमुंदा।** पूर्व माध्यमिक शाला पटपर की छात्रा कामिनी मंडावी का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। उसके चयन पर शाला परिवार ने खुशी जाहिर किया है। छात्रा को इस उपलब्धि पर संकुल प्राचार्य राजकुमारी जैन, संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार, प्रधानपाठक पंचराम साहू, शिक्षिका जीरामणी टोप्पो आदि ने बधाई दी है।

### नागतराई में बाल केबिनेट का गठन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में संस्था प्रमुख एआर पटेल के मार्गदर्शन में शिशु भारती का गठन किया गया। जिसमें सेनापति आदित्य वर्मा, उप सेनापति उमा गोस्वामी, क्रीड़ा प्रमुख यमनराज पटेल, उप प्रमुख कंचन मारकंडे, सांस्कृतिक प्रमुख कविता मारकंडे, उप प्रमुख राजकुमार यादव, प्रार्थना प्रमुख गोकुल लाउत्रे, उप प्रमुख लिसु सिन्हा, योग एवं शारीरिक प्रमुख लूमन पटेल, उप प्रमुख वासु यादव, स्वास्थ्य प्रमुख कीर्ति साहू, उप प्रमुख चैतन्य कदम, स्वच्छता प्रमुख दामिनी सिन्हा, उप प्रमुख धर्मेश साहू, बागवानी प्रमुख तोषण देशमुख, उप प्रमुख हिमांशी सिन्हा, खोया पाया प्रमुख यश गोस्वामी, उप प्रमुख तेजेश्वनी साहू हैं। चयनित पदाधिकारियों को मंजू साहू ने शपथ दिलाई। इस दौरान अनिता देशमुख, पूर्णिमा वर्मा, प्रिया दुबे, पूजा ठाकरे, सुमन पटेल, चुरामन साहू एवं राजेंद्र टंडन मौजूद थे।



### बघेरा स्कूल में अफसरों ने किया पौधरोपण

**सोमनी।** पूर्व माध्यमिक शाला बघेरा में गत दिनों एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। गत 19 जुलाई को आयोजित कार्यक्रम में राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के सहायक संचालक डॉ एम सुधीश, एपीसी राजकुमार चाफेकर, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहारे, एपीसी रफीक अंसारी, एपीसी विवेक शर्मा, स्त्रोत समन्वयक भगतसिंह ठाकुर ने शामिल होकर पौधारोपण किया। शाला के छात्रों ने अपनी मां के नाम से पौधे लगाए। शाला परिसर में जाम, जामुन, करंज, गुलमोहर, अशोक के पौधे लगाए गए। तत्पश्चात अधिकारियों ने शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने साइंस, आर्ट एवं गणित टीएलएम कॉर्नर को देखा और बच्चों द्वारा बनाए गए टीएलएम प्रस्तुतीकरण को देखा। अधिकारी स्मार्ट क्लास, पौधों का क्यूआर कोड एवं शाला की गतिविधियों से काफी प्रभावित हुए। इस अवसर पर संकुल समन्वयक गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी, शिक्षिका मधुलिका विश्वकर्मा, प्रीति शर्मा, सुनीता ठाकुर, संजीव जांगड़े, सरपंच ऐश्वर्या देशमुख, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुर्जनलाल देवांगन, नेमबाई साहू, सरिता मंडावी, अलेन वर्मा, दीप्ति साहू ,हिना साहू एवं कल्पना रामटेके आदि उपस्थित थे।



### कार्यालय भवन की मांग



**गंडई पंडरिया।** गंडई में फुलवारी संकुल संगठन ने कार्यालय भवन के लिए भूमि आबंटित करने की मांग की है। संगठन के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष आदि ने गत दिनों नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो को आवेदन सौंपा है। संगठन ने बताया कि फुलवारी संकुल संगठन के तहत अधीनस्थ 63 गांव आते हैं, जिनमें 52 ग्राम संगठन और लगभग 700 स्वयं सहायता समूह शामिल हैं। समूहों से लगभग 7800 महिलाएं और उनके परिवार जुड़े हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संचालन में कार्यालय नहीं होने के कारण असुविधा हो रही है।फुलवारी संगठन ने एडीईओ निवास को कार्यालय भवन के लिए उपयुक्त बताते हुए कहा कि इस भवन का क्षेत्रफल 25.40 वर्ग फीट है। भवन काफी जर्जर हो चुका है। वर्तमान में रहने लायक नहीं है। संगठन ने मांग की है कि इस मकान को ध्वस्त कर संकुल संगठन का भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि उनका कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री खुशरो ने जल्द निर्णय लेकर सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान पार्षद दिलीप ओगरे उपस्थित थे।

### नगर पंचायत के फैसले से लोगों को मिलेगी राहत

# आबादी जमीन पर काबिजों का नाम दर्ज करने का प्रस्ताव

## पूर्व कार्यकारिणी ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

बिक्री इकरारनामा के आधार पर आबादी भूमि पर काबिज लोगों के नाम अब नगर पंचायत के राजस्व रिकार्ड में दर्ज में हो जाएगा जिससे निकाय को न केवल टैक्स वसूली में आसानी होगी बल्कि कब्जाधारियो को बड़ी राहत मिलेगी। बुधवार को संपन्न नगर पंचायत के सामान्य सभा की बैठक में उक्ताशय के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत में पिछली परिषद ने बिक्री इकरारनामा के आधार पर आबादी भूमि पर काबिज लोगों के नाम राजस्व पंजी में दर्ज करने से रोक लगा दिया था जबकि वर्ष 2014 से 2019 के मध्य नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने परिषद से प्रस्ताव लेकर निकाय के राजस्व पंजी में नाम दर्ज कराना शुरू किया था जिससे विधिवत टैक्स वसूल होने से निकाय का राजस्व भी बढा था। रोक के बाद से बिक्री इकरारनामा के आधार पर आबादी भूमि के मलबे में काबिज लोग नाम दर्ज कराने चक्कर काट रहे थे। बुधवार को हुई सामान्य सभा में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के प्रस्ताव पर नागरिकों को सुविधाएं देने और नगर पंचायत की आय बढाने के दृश्टिकोण से नाम दर्ज कराने का प्रस्ताव पारित किया गया।



#### शासन से मांगा मार्गदर्शन

निकाय क्षेत्र के कई वार्डों में अनुसुचित जनजाति वर्ग के जमीन पर बिक्री इकरारनामा के आधार पर अन्य वर्ग के लोग मकान बनाकर निवास कर रहे है। यह लोग नगर पंचायत से सभी तरह की सुविधाए प्राप्त कर रहे है, लेकिन नियमों के चलते उनका नाम राजस्व पंजी में दर्ज नहीं हो पा रहा है। सुविधाए देने के बाद भी निकाय नाम दर्ज नही होने के कारण टैक्स वसूल नही कर पा रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के दोबारा अध्यक्ष बनने के बाद इस तरह के प्रकरणों पर नागरिको को राहत देने के लिए शासन से मार्गदर्शन मांगा था। बुधवार को संपन्न बैठक में शासन से मार्गदर्शन के लिए दोबारा प्रस्ताव पारित किया गया।

#### निर्देशों का होगा पालन

सामान्य सभा में यूजर चार्ज का मुददा स्वयंय नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने रखा। उन्होंने कहा कि नई परिषद नागरिको पर कोई कर आरोपित नही कर रही है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोग यूजर चार्ज को लेकर भ्रम फैला रहे है और इसे परिषद द्वारा लगाया बताया जा रहा है जबकि यूजर चार्ज नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा अधिसूचित एवं स्लैब के आधार पर अधिरोपित है।

# कांग्रेस ने किया बिजली दर में वृद्धि का विरोध

## धरना देकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस ने बिजली दर में वृद्धि के विरोध में मुसरा बिजली ऑफिस सामने धरना दिया और ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक के आह्वान, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने धरना दिया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान बिजली कटौती, बिजली दर में बार-बार वृद्धि, किसानों के स्थाई कनेक्शन नहीं देने, ठेकेदार की मनमानी का जमकर विरोध किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में न जनता को बिजली मिल रही है और न किसानों को खाद मिल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कहा कि 2022-23 में जिन किसानों ने स्थाई बिजली कनेक्शन के लिए राशि जमा किया है उन्हे अब तक कनेक्शन नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि कुसमी, छिपा के किसानों के खेत में बिजली पोल और ट्रांसफर लगाकर ठेकेदार ने काम छोड़ दिया है। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा घरेलू बिजली और कृषि पंप की बिजली दर में बढ़ोतरी से लोगों को नुकसान है। इस मौके पर किसान नेता मदन मोहन साहू, पंचराम चंदेल ने भी संबोधित किया। इस दौरान मोतीराम वर्मा, अश्विनी पैकरा, दिनेतू प्रकाश जांगड़े, इंद्रजीत साहू, छन्नू वर्मा, प्रीतम वर्मा, रूपेश वर्मा, दिनेश लिल्हारे, मंगीलाल लिल्हारे आदि उपस्थित थे।



### व्यापारियों के लिए मुसीबत बनी सड़क

**खड़गांव।** मुख्य मार्ग पर ब्रिक्स ईंट लगाने ठेकेदार ने खोद दिया है और दुकानों के सामने ब्रिक्स ईंट का ढेर लगा दिया है जिसके चलते व्यापारियों को परेशानी हो रही है। ईंट का भंडारण करने के बाद काम भी चालू नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ईंटों के ढेर और सड़क खोदने से दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। जानकारी के अनुसार गत दिनों एक गाय की मृत्यु हो चुकी है जिसके बाद भी अधिकारी मौन बैठकर तमाशा देख रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा काम न कर व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। व्यापारी संघ के तोमन साहू, लक्ष्मण सोनकर आदि ने बताया कि समय रहते हुए ठेकेदार ने कार्य को जल्द पूरा नहीं किया गया तो कलेक्टर को शिकायत किया जाएगा।

# युवा कांग्रेस ने जलाया पुतला



- ईडी की कार्रवाई का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

युवा कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए पुतले के साथ बस स्टैंड, बाजार एरिया, चंडी मंदिर से राजीव गांधी चौक तक भ्रमण किया और फिर दहन किया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि ईडी और सीबीआई के माध्यम से केन्द्र सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है किन्तु कांग्रेसी न डरेंगे और न झुकेंगे।

इस दौरान जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, नरेंद्र साहू, महेंद्र वैष्णव, रवि साहू, नरेंद्र साहू, टिकेश साहू, मदन साहू, नीलम गौस्वामी, रोशन यदु, अखिलेश नखत, देवेंद्र साहू, कुंभ जोशी, संध्या साहू, इंदु साहू, श्रुति शुक्ला, वैशाली बोरकर, आरती कोरे, प्रियंक जैन, राकेश साहू, लिलेश पटेल, उज्जवल निर्मलकर, पुष्पेंद्र नेताम, मोहनीश साहू, गोल्डी खोबरागड़े, पुरषोत्तम साहू, चेतन मानिकपुरी, वासिम अहमद, संजू कौशिक, गोपाल टावरी, दुर्गेश पटेल, महेश साहू, रेशम साहू, सोमन साहू, कोमल मांडवी, अनिता पंचारी, हरेंद्र साहू, अमित ठाकुर, कमलेश साहू, राजा वैष्णव, युगल किशोर, सुधीर पटेल, अभय लोढ़ा, राकेश साहू आदि मौजूद थे।

# करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत

- पोल से लिया था डायरेक्ट कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मानपुर

गुरुवार को एक स्कूली बच्चे की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना ग्राम घोटिया की है। स्कूल से छुट्टी होने के बाद छात्र बकरी चराने गया था। विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि झटका तार को डायरेक्ट कनेक्शन लेकर जोड़ा गया था।



जानकारी के मुताबिक मृतक दीपेश हिड़को गुरूवार को खेतों की ओर बकरी चराने अपनी बहनों के साथ गया था। वह एक खेत में लगाए गए झटका तार से झुलस गया। मौके पर रखवाली कर रहा साहू राम मौजूद था, किंतु करंट लगने पर भी झटका मशीन को बंद नहीं किया। करंट लगने पर छोटी बहनों ने दीपेश को बचाने की कोशिश किए लेकिन असमर्थ होने पर अपनी मां को बुलाया। मां के आने के बाद मशीन को बंद किया गया किन्तु तब तक अनहोनी हो चुकी थी। परिजनों का कहना है कि खेत में लगाए गए झटका तार में बिजली पोल से अवैध रूप से खींची गई तेज करेंट प्रवाहित किया जा रहा था जिसकी चपेट में आने से दीपेश की जान चली गई।

#### कार्रवाई की जाएगी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ईश्वर ध्रुव ने बताया कि करंट लगने से बच्चे की मौत हुई है। मामले की जांच जारी है। बिजली विभाग से जांच कर रिपोर्ट देने कहा गया है। जांच रिपोर्ट और पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। बिजली विभाग की जेई भावना मंडावी ने बताया कि झटका तार को डायरेक्ट कनेक्शन से जोड़ दिया गया था। विद्युत प्रवाह की चपेट में आने से दीपेश की मौत हुई है।

### पलोट्टी स्कूल में मनाया फ्रेशर्स डे

**डोंगरगढ़।** सेंट विंसेंट पलोट्टी इंटरनेशनल स्कूल में गत दिनों फ्रेशर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तिलक लगाकर किया गया। पुश लॉरेंस और शिक्षकों ने नवागंतुकों का स्वागत किया। दीप प्रज्जवलन फादर मुक्ति प्रकाश किस्पोट्टा, प्राचार्य फादर अमित टिग्गा, हॉस्टल प्रशासक फादर ऋतेश एक्का, सिस्टर रानी मारिया तथा प्राच बारा ने किया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जिसके बाद अमित टिग्गा, रानी मारिया, अंष्ठुता मारिया, श्रीनिवास, दिव्या राव, नॉरबर्ट सिंह, श्वेता और गुंजा सिंह का स्वागत किया। नए शिक्षकों ने गीत की प्रस्तुति दी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन नॉरबर्ट सिंह, संचालन असीमकृपा टोप्पो, टेमद्र सागु, प्रीति सिंह ठाकुर एवं वेरोनिका फ्रांसिस ने किया।




### छात्रों ने समझी मतदान प्रक्रिया



**डोंगरगांव।** लोकतांत्रिक प्रक्रिया से अवगत कराने भारतीय पब्लिक हायर सेकेण्डरी में आम चुनाव की तरह सभी प्रक्रिया को पूरा करते हुए छात्रसंघ का चुनाव कराया गया। सभी छात्र - छात्राओं ने 18 वर्ष पूर्ण होने के पहले ही मताधिकार का प्रयोग किया। प्राचार्य सुनील पाण्डेय के मार्गदर्शन में शनिवार को छात्रसंघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी एवं अन्य का चुनाव किया गया। कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक 324 छात्र - छात्राओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आम चुनाव की तर्ज पर बैलेट पेपर से मतदान कराया गया। इस प्रक्रिया से छात्र छात्राओं ने जाना कि मतदान कैसे किया जाता है। मतदान के बाद छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा किया जिसमें मतदान के अनुभव को अनोखा बताया। मतदान कराने में पीठासीन अधिकारी के रूप में गौरव देवांगन, सहायक पीठासीन अधिकारी लूनकरण यादव उपस्थित थे। निवार्चन अधिकारी बीरेन्द्र कुमार राजपूत, पीएल बया थे। निवार्चन सहयोगी के रूप में देवेन्द्र साहू, कामता सेन, कोमल सेन, वीणा साहू, संजू उइके, लता निषाद, आरती साहू, तृप्ति देवांगन, विवेक अंबादे एवं अविनाश दुबे उपस्थित थे। चुनाव परिणाम की घोषणा कल 21 जुलाई को की जाएगी।

## श्रद्धा के साथ चातुर्मास कलश की स्थापना

# आडंबर नहीं आत्म दर्शन पर दें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

चातुर्मास में बाहरी प्रदर्शन के बजाए आत्म दर्शन पर ध्यान दें। संकल्पित होकर धर्म ध्यान का पालन कर धर्म के रथ को आगे बढ़ाए तभी जीवन की सार्थकता है।

उक्ताशय के विचार आचार्य विद्यासागर महाराज की शिष्या आर्यिका 105 श्वेतमति माता ने शनिवार को कलश स्थापना के मौके पर व्यक्त किए। उल्लेखनीय है कि आर्यिका आदर्शमति के साथ संघस्थ आर्यिका श्वेतमति और आर्यिका विदेहमति चातुर्मास के निमित्त से शहर में विराजमान हैं। कलश स्थापना के पहले नगर में शोभायात्रा निकला गया।

शोभायात्रा के वापस संत निवास परिसर पहुंचने पर ध्वजारोहण किया गया। आदर्श संस्कार बहू मंडल, समय दर्श बालिका मंडल और प्रतिभास्थली की बालिकाओं ने मंगलचरण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। इस मौके पर पाठशाला के बच्चों ने आचार्यश्री के प्रकल्पों पर आधारित झांकी प्रस्तुत किया।



#### आत्मा को करें पवित्र

आर्यिका श्वेत मति ने बताया कि पुरातन काल में आचार्य भगवंत जंगलों में तप करते थे। समय बदलने के साथ साधु सामाजिक जनों के बीच रहकर चातुर्मास करने लगे ताकि वह भी उत्कृष्ट भाव रखे और अहिंसा का पालन करें। उन्होंने मंदिर और धर्मशाला को ही घर बनाकर श्रावक धर्म का पालन करने कहा। इस मौके पर मनीष जैन ने भजनों से शमा बांधा। इस दौरान सतीश जैन, रमेश राही, प्रबोध जैन, ऋषभ, राजकुमार, अरुण, विमल, प्रमोद, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संध्या साहू, पीसीसी मिडिया पेनालिस्ट श्रुति शुक्ला, अजित, जिनेन्द्र, पार्षद प्रियंक जैन, प्रफुल्ल जैन राजा, धर्मेन्द्र, राकेश जैन, सीए हिना जैन, श्वेता, स्नेहलता, रचना, स्वाती, शुभि जैन, सजल जैन, नमन, संदीप, रेखा चोपड़ा, सुनीता नखत, पुष्पा कोचर सहित भिलाई, डोंगरगढ़ आदि स्थानों के सामाजिकजन मौजूद थे।

#### मांगलिक आयोजन

ऐतिहासिक मूक माटी के सर्जक आचार्य श्री की पूजा के अलावा अन्य कार्यक्रम हुए। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य मुकेश- माधवी, जिनेन्द्र- गिरीश, योगेश- रचना एवं पाठशाला परिवार को मिला। प्रथम चातुर्मास कलश स्थापना का सौभाग्य शैलेन्द्र, सुनील, अनिल, चन्द्रकुमार जैन को मिला। इसी कड़ी में जैन समाज के अध्यक्ष सतीश जैन, रमेश राही, विमल- अंशुल, संजय- सजल जैन ने कलश स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। अन्य पुण्यार्जकों में राजकुमारी, चन्द्रकुमार, अनिल, मुकेश, तारा जैन, प्रमोद, संस्कृति, दीपेश जैन मानपुर, रितेश- दीपा, मुकेश- मयंक, ओमप्रकाश- तनु, शिखरचंद- राकेश, अर्चना- सतीश, स्वतंत्र- सारिका, आदर्श संस्कार बहु मंडल, प्रबोध- परख, धर्मेंद्र- निखिल, संदीप- सपन, दिलीप भाऊ, किशोर सिंघई, श्यामकिशोर- मनीष, सुनील - सुजीत जैन शामिल थे।



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क सामग्री का वितरण

**खड़गांव।** न्यू ग्रीन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल खड़गांव के दस वर्ष पूर्ण होने पर सभी छात्र छात्राओं को पुस्तकें, ड्रेस, बेल्ट, टाई, जूते प्रबंधन द्वारा निःशुल्क दिया जा रहा है। स्कूल के निदेशक जितेंद्र गुप्ता, ओपी तंबोली, परवेज खान, रमन कटेंगा, चाहत तंबोली, अशोक तिवारी और प्रधानाचार्य के मार्गदर्शन में वनांचल के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन अब छात्र छात्राओं के लिए सेमीनार आयोजित करने और पिकनिक स्पॉट पर ले जाने का विचार कर रहा है। यह जानकारी चाहत तंबोली ने दिया।

### महिला मोर्चा ने भेजा सैनिकों को रक्षासूत्र



**गंडई पंडरिया।** भाजपा महिला मोर्चा गंडई ने नगर के स्कूलों में जाकर सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र का संग्रह किया। ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र नामक यह पहल प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत के आह्वान पर शुरू की गई है। इस अभियान का उद्देश्य सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना है। इसी अभियान अंतर्गत महिला मोर्चा की सदस्यों ने स्कूलों में जाकर छात्राओं से सैनिकों के लिए राखियां एकत्र किया। अभियान में कन्या शाला, नवीन माध्यमिक शाला, आत्मानंद स्कूल, अजीज पब्लिक स्कूल और बालिका प्राथमिक शाला सहित अन्य स्कूलों की छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लियाऔर बड़ी संख्या में सैनिकों के लिए रक्षा सूत्र भेजाइन छात्राओं ने स्वयं रक्षासूत्र तैयार किया था।

### भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू



**डोंगरगढ़।** कोटरी छापर में श्री मद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 15 जुलाई से शुरू हो गया है। भागवताचार्य धर्मेंद्र महराज हैं। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है और लोग प्रतिदिन बड़ी संख्या में शामिल होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं।

### युवा कांग्रेस ने किया ईडी का पुतला दहन



**डोंगरगढ़।** आजाद चौक गोलबाजार में युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष तरुण फुले और पार्षद विनायक राव के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शनकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि जिस प्रकार शासन सरकारी अधिकारियों का दुरुपयोग कर रही है, वह लोकतंत्र के लिए घातक है। विपक्षी नेताओं को प्रतिशोध की भावना से निशाना बनाया जा रहा है। इस प्रदर्शन में सौरभ वैष्णव, संदीप गहरवार, अक्षय चौरडिया, घुमका ब्लॉक अध्यक्ष अमित राजपूत, सुरेश मेश्राम, अमन ठाकुर, रोहित चौधरी, चंद्रशेखर बोरकर, संजय लहरे, दीपक, चेतन कन्नौजिया और हरि यादव सहित अन्य शामिल हुए।

## निधन

### लतमार साहू



**पटेवा।** ग्राम भरदाकला निवासी लतमार साहू 75 वर्ष का आकस्मिक निधन आज सुबह 11 बजे हो गया। मृतक अपने पीछे पुत्र सुकालूराम साहू शिक्षक, डोमार साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज, रामकुमार साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। इनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में दोपहर बाद किया गया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में परिवार, रिश्तेदार, मित्र मंडली सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

### कई दुकानें बिना अनुमति के हो रही संचालित

# नहर किनारे अतिक्रमण और चखना दुकानों से परेशानी, हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

गंडई नगर की नहर के किनारे अतिक्रमण और चखना दुकानों के संचालन को लेकर विरोध बढ़ने लगा है। सिंचाई विभाग ने नहर में बढ़ते कचरे और आने वाली बाधाओं को लेकर नगर पंचायत को पत्र लिखा है। वहीं एक वैध चखना दुकान संचालक ने अवैध दुकानों के कारण उत्पन्न हो रहे खतरे को लेकर कलेक्टर से शिकायत किया है।

गंडई से खैरागढ़ की ओर जाने मार्ग पर स्थित नहर से एक बाईपास सड़क निकलती है जो दुर्ग मार्ग एवं ठंडार को जोड़ती है। इसी मार्ग पर नहर से सटी कई दुकानें बिना अनुमति के संचालित हो रही हैं। सिंचाई विभाग ने नगर पंचायत को लिखे पत्र में बताया है कि इन दुकानों से निकलने वाला प्लास्टिक और अन्य कचरा नहर में फेंका जा रहा है, जिससे खरीफ फसल की सिंचाई प्रभावित होने की आशंका है। विभाग ने नगर पंचायत से इन अस्थाई दुकानों को तत्काल हटवाने की मांग की है ताकि किसानों को निर्बाध सिंचाई सुविधा मिल सके।

## खतरे को लेकर कलेक्टर से की शिकायत

### कार्रवाई की मांग

श्री चौहान ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि वह नियमित रूप से शुल्क चुका रहे हैं, फिर भी उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है, जबकि अवैध दुकानदार बिना भय के धंधा कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से जनसुरक्षा सुनिश्चित करने, व्यवस्था बनाए रखने और वैध व्यवसायियों को न्याय दिलाने के लिए इन अवैध दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### नोटिस किया जारी

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि सिंचाई विभाग से आवेदन प्राप्त हुआ था।संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया। कुछ दुकानदारों ने बारिश का हवाला देते हुए हटने के लिए समय मांगा है, जबकि कुछ ने दावा किया है कि वह निजी जमीन पर दुकान चला रहे हैं।

### अवैध चखना दुकानें बनी चुनौती

लाइसेंसी चखना दुकान संचालक सौरभ सिंह चौहान ने कलेक्टर और आबकारी विभाग से शिकायत करते हुए बताया कि लगभग 19-20 चखना दुकानों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यह अवैध दुकानें बिना अनुमति के चल रही हैं, जिससे न केवल सामाजिक व्यवस्था बिगड़ रही है और महिला सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। उन्हे आर्थिक और मानसिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। चौहान ने शिकायत में बताया है कि यह अवैध दुकानें सड़क और नहर के किनारे संचालित हो रही हैं, जिससे शराब पीने वालों की भीड़ सड़कों पर लगी रहती है। यह स्थिति नागरिकों खास तौर पर महिलाओं और बच्चों के लिए परेशानी का सबब बनती है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए यह भी बताया कि नशे की हालत में कई लोग नहर में गिरकर अपनी जान गंवा चुके हैं।

---

# युगांतर पब्लिक स्कूल में विशेष कॅरियर काउंसलिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं (कॉमर्स एवं साइंस) के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कॅरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें गूगल क्लाउड, यूएसए के साफ्टवेयर इंजीनियर अमित झा ने मार्गदर्शन किया।

इस सत्र में अमित झा ने विद्यार्थियों को जीवन में सही निर्णय लेने प्रोत्साहित किया। उन्होंने मेहनत के बल पर एक सफल कॅरियर निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने उपयोगी जानकारी दी। उनके प्रभावी शब्दों ने विद्यार्थियों को अपने सपनों को स्पष्ट रूप से देखने की प्रेरणा दी।

विद्यार्थियों में दृढ़ निश्चय लेने के गुण का विकास हो और वे अपने लक्ष्य को आगे बढ़े इस दिशा में अमित ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। यही नहीं यह सत्र विद्यार्थियों के लिए न केवल सूचनात्मक रहा, बल्कि उनके कॅरियर निर्माण के लिए बेहद हितकारी भी सिद्ध हुआ।

### भाषा ही सफलता की कुंजी

अमित ने विद्यार्थियों के पूछे गए सवालों के धैर्यपूर्वक उत्तर दिए। जिससे उनके संदेह दूर हुए और उनका आत्मविश्वास बढ़ा। उन्होंने बताया कि भाषा ही सफलता की कुंजी है। प्रभावशाली वाक शैली विशेषकर अंग्रेजी भाषा में दक्षता, आज के वैश्विक युग में अवसरों के द्वार खोलती है। सफलता किसी एक विषय या क्षेत्र तक सीमित नहीं होती। बदलते समय और समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थी अपने रूचि और क्षमताओं के आधार पर कॅरियर का चयन या परिवर्तन कर सकते हैं। यह कॅरियर काउंसलिंग सत्र विद्यार्थियों के लिए अविस्मरणीय रहा। जिसने उनके मन में सपनों को साकार करने का आत्मविश्वास जगाया। विद्यालय के प्राचार्य और प्रबंध समिति ने इस आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट किया है।

---

# वनांचल में लाखों के हॉस्पिटल में डॉक्टर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खड़गांव



अंचल के लोगों को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने ग्राम में लाखों की लागत से हास्पिटल भवन बनाया गया है। यहां समुचित इलाज नहीं होने के कारण लोगों को छोटे छोटे इलाज के लिए मानपुर, मोहला या दल्लीराजहरा जाना पड़ रहा है। यहां सरकारी हास्पिटल तो है लेकिन एक भी डाक्टर नहीं है। संविदा कर्मी के भरोसे हास्पिटल चल रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि जब भी इलाज के लिए जाते है तो पता चलता है कि वर्तमान में डाक्टर नहीं है। डाक्टर को लेकर लगातार जानकारी मिलने के बाद गत दिनों व्यापारी संघ ने जानकारी ली तो बताया गया कि डाक्टर छुट्टी पर है। डाक्टर कब आएगा इस बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है। ग्राम के रावटे, खिलेश, बिज्जू ने बताया कि यहां के डाक्टर शासन से हर माह तनख्वाह ले रहे है किन्तु लोगों को फूटी कौड़ी का लाभ नहीं मिल रहा है। रावटे ने बताया कि सरकारी हास्पिटल में इलाज नहीं होने की शिकायत किया जा चुका है किन्तु जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकारी हास्पिटल ऐसे ही चलते रहा तो आगामी समय पर ग्रामवासियों द्वारा उग्र आंदोलन किया जा सकता है। पता चला है कि कुछ दिन पहले एक डाक्टर की नियुक्ति हुई है लेकिन वह कब आएंगे? इसकी जानकारी किसी को नहीं है।

---

### आठ म्यूल खाताधारक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**डोंगरगढ़।** पुलिस ने म्यूल एकाउंट खाता धारकों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिए खाते का उपयोग में लाया गया है। समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार बंधन बैंक शाखा डोंगरगढ़ में विभिन्न म्यूल बैंक खातों में 25 जनवरी 24 से 31 दिसंबर 24 तक सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त 10 लाख 6 हजार 544 रूपए जमा होना पाया गया। पुलिस ने 15 जुलाई 25 को धारा 317 (2), 317 (4), 317 (5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। अपराध दर्ज कर 19 जुलाई को 8 म्यूल अकांउट खाता धारक मन्नू यादव, सिराजूदीन खान, आर्यन नामदेव, सोहेल खान, चिरावन सेन, रवि ढीमर, सचिन मेश्राम एवं प्रियांशु जंघेल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा।

---

# व्यापारी हित में चेंबर ऑफ कॉमर्स सदैव तत्पर

## प्लाइवुड हार्डवेयर संघ ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

राजनांदगांव प्लाईवुड एवं हार्डवेयर संघ के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के नेतृत्व में शुक्रवार को प्लाईवुड एवं हार्डवेयर संघ की आवश्यक बैठक एक होटल में आयोजित की गई। जिसमें चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक, जिला अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्रियों का सम्मान किया गया।

चेंबर के जिला महामंत्री अरुण डुलानी ने बताया की प्लाइवुड हार्डवेयर संगठन राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश एवं जिले के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का होटल अवाना में सम्मान किया गया।

जिसमें छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक व भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डड्डा, ज्ञानचंद बाफना, भीमन धनवानी, आलोक बिंदल, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद, प्रदेश मंत्री अमर लालवानी, तरूण लहरवानी, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल, चेंबर के पूर्व प्रदेश मंत्री आशीष अग्रवाल का हार्डवेयर संगठन द्वारा सम्मान किया गया।



चेंबर के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने हार्डवेयर संगठन के सदस्यों की प्रशंसा करते कहा कि संगठन के प्रति कर्मठता और निष्ठा के कारण ही चेंबर ऑफ कॉमर्स आज मजबूत स्थिति में है। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद, ज्ञानचंद बाफना, भीमन धनवानी, अमर लालवानी, तरूण लहरवानी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सूर्यकांत चितलांग्या, दीपचंद ललवानी का मार्गदर्शन भी बैठक में प्राप्त हुआ। बैठक में बलबीर सिंह बग्गा, नरेशचंद बावरिया, सुरेश अग्रवाल, जितेश पटेल, जयंती भाई पटेल, नवीन अग्रहरि, महेंद्र सुराणा, नारायण गुप्ता, दयाल लहरवानी, जीता लहरवानी, दीपक लहरवानी, रवि लहरवानी, हर्ष पटेल, हर्ष चितलांग्या, यूसुफ जमील चौरसिया, हरि भाई पटेल एवं हार्डवेयर संगठन के अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार बाफना ने किया।

### व्यापारियों के हित में साथ चल रहे

सम्मान सभा के पश्चात चेम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख ने कहा कि प्रदेश में चेंबर के नए अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चेंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारियों के हित में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन सफलतापूर्वक कर रहा है और व्यापारियों के हित में सभी संगठन मिलकर एकता के साथ चल रहे हैं।

---

# महाकाल की पालकी यात्रा का शिव मंदिर में होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

सावन मास के दूसरे सोमवार को श्री महाकाल सेना के सानिध्य में बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी का नगर भ्रमण क्लब चौक से बसंतपुर चौक, कमला कॉलेज चौक होते प्रभात चौक, जगन्नाथ मंदिर होते हुए हेमू कल्याणी नगर के लालबागेश्वर धाम शिव मंदिर में समापन होगा।

शिव सेवा मंडल के भक्त आवतराम तेजवानी ने बताया कि समाज द्वारा पालकी यात्रा का हेमू कॉलोनी चौक में भव्य स्वागत होगा एवं महाप्रसादी की व्यवस्था सिंधु भवन में रखी गई है। इस अवसर पर बाबा अमरनाथ का बर्फीले शिवलिंग के दर्शन भी होंगे एवं लालबागेश्वर शिव उद्यान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है।

### विस अध्यक्ष रमन होंगे शामिल

पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव हरीश मोटलानी एवं राजस्व चेयरमैन व पार्षद राजा माखीजा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सुबह 8 बजे लालबागेश्वर धाम पहुंचकर शिव मंदिर में शिवबाबा के अमरनाथ रूप का दर्शन करेंगे। संजय तेजवानी ने शिव भक्तों को कार्यक्रम में उपस्थिति का आह्वान किया है। उक्त जानकारी पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार डुलानी ने दी।

---

# महिलाओं का हरियाली के प्रति ध्यान दिया जाना सराहनीय : मधुसूदन

**राजनांदगांव।** सावन सोमवार के दूसरे दिन 16 जुलाई को शहर की समाजसेवी महिलाओं द्वारा वात्सल्य कुटुंब के बैनर तले सहदेव नगर स्थित आक्सीजोन वाटिका में हरियाली उत्सव मनाते बड़ी संख्या में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव व अध्यक्षता राजगामी संपदा के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल ने की।अतिथिद्वय ने संस्था की अध्यक्ष विद्या पांडे, सचिव व कोषाध्यक्ष आशा गुप्ता व अन्य महिलाओं के साथ आक्सीजोन वाटिका में हवादार, फलदार व फूलदार पौधों का रोपण किया।




### महिलाओं के सदप्रयासों की सराहना

महापौर यादव ने वात्सल्य कुटुंब की समाजसेवी महिलाओं के सद प्रयासों की सराहना करते कहा कि प्रकृति के चारों ओर हरियाली फैलाना हम सब का कर्तव्य हो जाता है। संस्कारधानी के महिलाओं ने बड़ी मात्रा में पौधरोपण कर आज जो शहर में हरियाली बगराने का काम किया है। यह कार्य निश्चित ही सराहनीय है। श्री पटेल ने भी सावन माह में महिलाओं द्वारा पौधरोपण किए जाने को प्रशंसनीय बताया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक द्वारा भी पार्षद श्रीमती झा, वात्सल्य कुटुंब की विद्या पांडे, आशा गुप्ता आदि की उपस्थिति में आक्सीजोन को हरियाली से आच्छादित करने विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर किशुन यदु, रूबी गरचा, मोहन ढल्ला, रवि सिन्हा, अर्चना विमल गुप्ता, मंजू बागड़ी, श्रद्धा रेड्डी, श्रीयल पांडे, संतोषी गुप्ता, सीमा भोले, सरला पांडे, तुलसी सोनी, रचना मिश्रा, अर्चना वर्मा, मानसी मिश्रा, दिव्या पांडे, पारस सोनी आदि महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम में उपस्थितों का आभार अर्चना विमल गुप्ता ने किया। उक्ताशय की जानकारी संस्था की आशा गुप्ता द्वारा दी गई।

---

# चाकू दिखा लूटे नगदी रकम, गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** देवघर बाबा धाम जाने के लिए रेल्वे स्टेशन जाने निकले बाइक सवार पर चाकू से हमला कर आरोपियों ने नगदी रकम की लूट कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 19 जुलाई को वह अपने साथी के साथ मोटर साइकिल से रेलवे स्टेशन से देवघर बाबा धाम जाने निकले थे। शाम करीबन साढे 4 बजे नंदई चौक राजू के पास पहुंचे थे, तभी काले रंग को हौंडा सीबी साईन में सवार तीन अज्ञात लड़के प्रार्थी के मोटर साइकिल के सामने अपना मोटर साइकिल को लाकर खड़ी कर दिया और तीनों में से एक लड़का प्रार्थी को चाकू दिखाकर रुपए की मांग करने लगा, तब प्रार्थी ने उस लड़के को 100 रुपए दिया, किन्तु वे लोग नहीं माने और प्रार्थी के बांये जांघ में पर चाकू से वार कर चोंट पहुंचाया, तब प्रार्थी को डराकर उसके जेब में रखे 500 रुपए के नोट को निकालकर तीनों लड़के वहां से भाग गए। प्रार्थी द्वारा आसपास के लोगों से पूछने पर तीनों लड़के का नाम प्रदीप पटेल निवासी सागरपारा, घनश्याम जोशी तथा अन्य विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक होना बताए। रिपोर्ट पर धारा 126(2), 309(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### मोटर साइकिल व चाकू जब्त

इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में आरोपीयों के पता तलाश हेतु टीम गठित कर टीम को अलग-अलग जगहों पर आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। गठित टीम द्वारा आरोपी प्रदीप पटेल, घनश्याम जोशी एवं नाबालिक बालक को महज 3 घंटे के भीतर हिरासत में लेकर आरोपी से पृथक-पृथक पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू जब्त कर आरोपियों एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपियों एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक का जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत आरोपियों को जिला जेल एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक को बाल सम्प्रेक्षण गृह राजनांदगांव दाखिल किया गया।

---

## दिग्विजय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित

# कॉलेज के विकास व छात्र सुविधा पर होगा विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक 16 जुलाई को समिति के अध्यक्ष अतुल रायजादा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने अध्यक्ष अतुल रायजादा तथा उपाध्यक्ष खेमलाल वर्मा अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव का स्वागत किया गया।

प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने जनभागीदारी मद के आय-व्यय तथा महाविद्यालय की मुलभूत जानकारी के संबंध में सदस्यों को जानकारी दी। उन्होंने समिति के समक्ष कार्यालय के सामने अधूरे निर्माण कार्य पूर्णता, हॉस्टल में छात्रवृत्ति शाखा के सामने पेबर टाईल्स, रसायन शास्त्र विभाग में केमिकल वेस्ट के लिए सोख पीट निर्माण, टंकी सफाई, बालक छात्रावास के लिए फर्नीचर आदि के संबंध में प्रस्ताव रखा।



### सदस्यों ने प्रस्ताव का किया समर्थन

जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अतुल रायजादा ने महाविद्यालय में कक्षों की कमी को देखते कक्ष निर्माण की आवश्यकता, बालक छात्रावास प्रारंभ करने हेतु प्रयास, दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु सुविधाओं, विद्यार्थियों तक समस्त जानकारियों की पहुंच आदि विषयों पर अपनी बात रखी। सभी प्रस्तावों पर चर्चा की गई एवं महाविद्यालय के विकास एवं छात्रहित को ध्यान में रखते सदस्यों को उपरोक्त प्रस्ताव का समर्थन किया। अध्यक्ष रायजादा ने कहा कि महाविद्यालय का विकास हम सभी का दायित्व है।

### बैठक में थे शामिल

बैठक में खेमलाल वर्मा, आरएस नायक, सुनील अग्रवाल, सुरेन्द्रपाल सिंग भाटिया, अनिता जैन, राजकुमार बाफना, मनीष शर्मा, नरेश पटेल, प्रशांत गुप्ता, सुमित सिंग भाटिया, नंदकिशोर भूतड़ा, चंदन रूचंदानी, आकाश गुप्ता, आशीष डोंगरे, रमेश चंद्राकर, सौरभ साहू, अशोकादित्य श्रीवास्तव, शरद सिन्हा, सुमित अजमानी, प्रतीक अग्रवाल, आशीष जैन, आदित्य पराते, संतोष साहू, अंकित श्रीवास्तव, कमलेश सूर्यवंशी, चिन्टू सोनकर, समीर श्रीवास्तव, विजय शर्मा, शालू वर्मा, आशुतोष सिंह, मुकेश शर्मा, आशुतोष शर्मा, अंकित सिंह चौहान, अमितेश झा, कमलेश प्रजापति, संदीप भट्टाचार्य, साहिल गोलछा, ईशान शर्मा, आभा श्रीवास्तव, शांता कोटडिया, डॉ. अनिता महिश्वर, डॉ. अमिता बख्शी, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, दीपक कुमार परगनिहा, मंजूषा बाजपेयी, बसंती देशलहरे उपस्थित थे। बैठक का संचालन डॉ. शैलेन्द्र सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अमिता बख्शी ने दिया।

---

# मोखला में शराब बेचने वालों से लिया जाएगा 50,000 का अर्थदंड

- ग्रामीणों ने सख्त कार्रवाई का प्रस्ताव किया पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोखला के ग्रामीणों ने बीते दिनों ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों के सहयोग से अवैध शराब, गांजा और गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई का प्रस्ताव पारित कर अमल की जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत मोखला एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम पंचायत में पूर्ण शराबबंदी का निर्णय लिया गया है। जिसका परिपालन ग्रामवासी भली-भांति कर रहे हैं। गांव में जगह-जगह पर सूचना चस्पा की गई है कि शराब बेचने वालों से 50000 रुपए अर्थदंड लिया जाएगा। शराब लेने वालों से 30000 रुपए अर्थदंड लिया जाएगा। बताने वाले को 20000 रुपए का इनाम दिया जाएगा।

गांजा बेचने वालों से 30000 अर्थदंड लिया जाएगा, गांजा लेने वालों से 20000 अर्थदंड लिया जाएगा, बताने वाले को 10,000 ईनाम दिया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर शराब व गांजा पीने वालों से 20000 अर्थदंड लिया जाएगा। तालाब में मछली काटने-सुधारने वालों से 10000 अर्थदंड लिया जाएगा।

दुकान में नाबालिग लड़के-लड़कियों को बीड़ी, सिगरेट व अन्य नशीली पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों से 20000 अर्थदंड लिया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर शराब व गांजा का आदान-प्रदान करना सख्त मना है।

## सार समाचार

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई

**राजनांदगांव।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुज्जी में सेवानिवृत्त शिक्षकद्वय तीरथ राम देवांगन प्रधान पाठक एवं डॉ. गजेंद्र कुमार हरिहारनो उच्च वर्ग शिक्षक को 62 वर्ष आयु पूर्ण होने के पश्चात सेवानिवृत्ति पर संकुल स्तर पर शाला प्रांगण खुज्जी में ससम्मान विदाई दिया गया।



व्याख्याता चैनकुमार सोनवानी ने बताया कि शाला आगमन पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का गुलाल से अभिषेक कर स्वागत करते उनको मंच तक लाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएल पात्रे ने किया। विशिष्ट अतिथि सुयश नाहटा, जीएस साहू, राजेंद्र ठाकुर, जेआर यादव, साकेत गंजीर, तोरणलाल साहू, जगतराम सोनकर, देवानंद साहू, विशाखा घरेन्द्र शामिल थे। इस अवसर पर शाला के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मोहनलाल साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रभारी प्रधान पाठक डी. मानकर एवं शिक्षिका भूमिका साहू द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान पत्र का वाचन बाद संकुल तथा शाला परिवार की ओर से शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के दीर्घायु, स्वस्थ व मस्त रहने एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त शिक्षकद्वय द्वारा शाला को साउंड बाक्स गिफ्ट कर आभार जताया।

### बच्चों को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रोजेक्ट जूनियर-जी के संबंध में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।



जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि बच्चों के परीक्षा परिणाम में सुधार करने के साथ-साथ उन्हें सही दिशा एवं कैरियर मार्गदर्शन और बच्चों के ड्राप आउट को रोकने प्रोजेक्ट जूनियर-जी को जिले में संचालित किया जा रहा है। इसके तहत बच्चों की परीक्षाओं में अच्छे परिणाम और पढ़ाई के प्रति जागरूकता लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों का सही मार्गदर्शन करना है। जिससे वे गलत दिशा में न जाए। इसके लिए कॉलेज के अच्छे बच्चों को इसमें जोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज के बच्चों को लीडरशीप करने का अच्छा मौका मिल रहा है। कॉलेज के अच्छे बच्चे, जो बड़े भाई और बड़ी बहन की तरह छोटे बच्चों को अपने अच्छे अनुभव के साझा कर सकते हैं। उनके द्वारा भविष्य, पढ़ाई, कैरियर मार्गदर्शन और मनोबल को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

### दिग्विजय कॉलेज में जिला स्तरीय स्पर्धा

**राजनांदगांव।** प्रेमचंद और तुलसी जयंती पर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा जिला स्तरीय साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए है। जिसमें राजनांदगांव जिले के किसी भी महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।
प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के अनुसार इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महाविद्यालयीन छात्रों में मुंशी प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य के प्रति रूचि बढ़ाना है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि इस साल मुंशी प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास दोनों की जयंती 31 जुलाई को पड़ रही है, इसलिए इन दोनों साहित्यकारों के साहित्य पर आधारित प्रश्न पूछकर प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है। दोनों साहित्यकारों पर आधारित यह प्रतियोगिता अलग-अलग होगी और प्रत्येक के लिए तीन-तीन विजेता चुने जाएंगे। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन मोड में मोबाइल से होगी, लेकिन प्रतिभागियों को दिग्विजय कॉलेज में उपस्थित होकर भाग लेना होगा। प्रतियोगिता के कुल 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्पों में से किसी एक सही का जवाब का चयन करना होगा। सभी विजेताओं को 31 जुलाई को पुरस्कृत किया जाएगा।

### रेल्वे अंडरब्रिज के निर्माण में उदासीनताः रूपेश

**राजनांदगांव।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने ओवरब्रिज में निर्माणाधीन डिवाइडर पर प्रश्न चिन्ह लगाते कहा कि देशभर में स्पेस



टेक्नोलॉजी के नाम पर निर्माण कार्यों का जो भट्ठा भाजपा की केंद्र सरकार ने बिठाई है, उससे बढ़कर डॉ. रमन सिंह के विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव में ट्रैफिक का दबाव झेलता और केंद्र सरकार की निष्क्रियता के चलते रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण करने में असक्षम भाजपा सरकार के चलते जनता दुर्घटना की शिकार हो रही थी। श्री दुबे ने कहा कि हो रही दुर्घटनाओं को देखते खंबेनुमा डिवाइडर लगाकर एक अच्छी व्यवस्था किया गया। जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला और दुर्घटनाएं थमी, वर्तमान में डिवाइड का निर्माण किया जा रहा है, वह डिवाइड शायद नई वैज्ञानिक पद्धति से निर्माण किया जा रहा है। जिसके तहत डामरीकृत सड़क पर मात्र टांचा मारकर फ्लाई एस. ईंट से जोड़ाई का काम औपचारिकता निभाने किया जा रहा है। निर्माण जो दो पहिया वाहन के ठोकर से ही धराशाई हो जाएगा।

### शहीद जवानों को विद्यार्थियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** कान्फ्लूएंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 12 जुलाई 2009 को कोरकोट्टी में हुए नक्सली हमले में शहीद तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार चौबे सहित 29 जवानों को विद्यार्थियों ने दीपक जलाकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि दी।




कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि जिले के नक्सली इतिहास में पुलिस बल पर यह नक्सलियों का सबसे बड़ा हमला था। नक्सलियों के एम्बुश में फंसकर 12 जुलाई 2009 को हमारे जवान शहीद हो गए। यह नक्सलियों की कायराना हरकत थी, जो हमारे जवानों को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। आज उनके शहादत को सलाम करते हुए उनके जज्बे को प्रणाम किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर संजय अग्रवाल ने जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते कहा कि ब्लास्ट से सड़क भी उड़ा दिया गया था।

### तलवार-चाकू लेकर डराने वाले पकड़ाए

**राजनांदगांव।** तलवार लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार तुमड़ीबोड़ के ग्रामीण ने पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के अरूण विश्वकर्मा और अकाश यादव 19 जुलाई को ग्राम तुमड़ीबोड़ के रामनगर राम मंदिर के पास तलवार लेकर लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने राम मंदिर तुमड़ीबोड़ के पास धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे आरोपी अरूण विश्वकर्मा 31 वर्ष एवं अकाश यादव 24 वर्ष तुमड़ीबोड को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का पट्टा चाकू एवं तलवार जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

# अच्छी पहलः पार्षद ने जनसहयोग से बदल दी स्कूल की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कुछ बेहतर करने की सोच अगर हो तो काम आसान होते चले जाते हैं। मदद खुद चलकर आती है। कुछ ऐसा ही उदाहरण शहर के मोहारा वार्ड के एक शासकीय स्कूल को संवारने में सामने आया है। यहां के पार्षद आलोक श्रोती ने एक पहल की और बिना किसी शासकीय मदद के जनसहयोग की एक फिजा ऐसी चली कि शासकीय स्कूल की दशा ही बदल गई।

मोहरा शासकीय प्राथमिक शाला अब बच्चों के लिए स्कूल ही नहीं, बल्कि शिक्षा के आकर्षण का केंद्र बन गया है। यहां दीवारों पर शिक्षा संबंधी आकर्षक पेंटिंग बच्चों को स्कूल से जोड़े रखती है। कभी उजाड़ दिखने वाले इस स्कूल के फर्श से लेकर छत तक सब कुछ बदल गया है।

#### शिक्षकों ने दिए वेतन

पार्षद की इस पहल में यहां के शिक्षकों ने भी अपना योगदान दिया। स्कूल की दशा सुधारने के लिए स्कूल की पेंटिंग और अन्य कार्यों में सहयोग करते शिक्षकों ने अपने वेतन से 6-6 हजार रुपए की राशि दी।



#### उपस्थिति में इजाफा

मोहरा प्राथमिक शाला के प्राचार्य हरिराम साहू ने बताया कि स्कूल में आकर्षक पेंटिंग, बेहतर व्यवस्था, टाइल्स लगने से न सिर्फ स्कूल के वातावरण में बदलाव आया, बल्कि बच्चों की उपस्थिति भी शत-प्रतिशत हो गई है। पालक जितेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि अब स्कूल काफी आकर्षक लगता है तो बच्चे भी बच्चे स्कूल आने उत्साहित रहते हैं।

#### कोई नहीं आता नंगे पैर

मोहरा वार्ड श्रमिक बाहुल्य होने के चलते यहां लगभग 130 की दर्ज संख्या में आधे से ज्यादा बच्चे नंगे पैर स्कूल आते थे, जिसे देखते हुए शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद ने महापौर मधुसूदन यादव के सहयोग से सभी बच्चों को जूते, मोजे, टाई, बेल्ट वॉटर बॉटल की व्यवस्था कराई।

#### संकल्प के साथ हुआ काम : आलोक

शासकीय स्कूल के कायाकल्प की सोच को लेकर मोहरा वार्ड के पार्षद आलोक श्रोती का कहना है कि पार्षद बनने के बाद पहली प्राथमिकता इस स्कूल की दशा ठीक करनी थी। उन्होंने बताया कि इस स्कूल की फर्श कई जगह से उखड़ गई थी और फर्श के नीचे पेड़ों की जड़े निकल आई थी। इस फर्श को हटाकर टाइल्स लगाने की सोच आई। ग्रीष्मकालीन अवकाश के भीतर ही यह कार्य करना था, ऐसे में सरकारी मदद में वक्त लग जाता, इसलिए जनसहयोग मांगा गया। टाइल्स लगाने का कार्य शुरू करने के दौरान दीवारों पर उखड़ी हुई पुताई देखकर शिक्षाप्रद वॉल पेंटिंग करने की सोच आई और इसका एस्टीमेट बनाया गया तो लगभग 45 हजार रुपए लगने का अनुमान हुआ। इसके बाद जनसहयोग से मदद हुई, किसी ने रेत दिया, किसी ने सीमेंट, किसी ने टाइल्स और पेंट की व्यवस्था कर दी।



## बैठक में बनी रणनीति, आर्थिक नाकेबंदी का ऐलान

# गिरफ्तारी पर भड़के कांग्रेसी एनएच में करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कांग्रेस नेताओं पर लगातार हो रही ईडी की कर्रवाई का विरोध करते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 22 जुलाई को नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। इस चक्काजाम की रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने शहर के सतनाम भवन में एक बैठक की। इस बैठक में चक्काजाम को सफल बनाने कांग्रेसी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी ने छापेमार कार्रवाई करते भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को रिमांड में लिया। इसके बाद प्रदेशभर में ईडी का पुतला कांग्रेस में जलाया और अब इस मामले को लेकर आर्थिक नाकेबंदी की जा रही है। नेशनल हाईवे पर 22 जुलाई को आयोजित चक्काजाम की रणनीति बनाने आज कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट हुए। इस बैठक में कांग्रेसी पदाधिकारी ने कहा कि विपक्ष को जानबूझकर बदनाम किया जा रहा है।
केन्द्र की मोदी सरकार के निर्देश पर कांग्रेसजनों पर सीबीआई, ईडी भेजकर जबरन कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस पदाधिकारी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूब चुकी है। उनके कार्यकाल में अवैध शराब, बलात्कार, हत्या, डकैती, लूट, खनिज, रेत का अवैध उत्खनन बढ़ गया है, जंगल काटे जा रहे हैं। इन सब मुद्दों को कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहा हैं तो ईडी भेजी जा रही है।



#### कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा और ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। जिसमें चक्काजाम को सफल बनाने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां बांटी गई। नेशनल हाईवे पर शहर के पारींनाला बाईपास के समीप कांग्रेसियों द्वारा चक्काजाम किया जाएगा। इस चक्काजाम से स्कूली बस और एम्बुलेंस को मुक्त रखा गया है।

#### बैठक को किया संबोधित

सरकार को घेरने आयोजित इस बैठक को कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी सुजीत बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, भुवनेश्वर बघेल, जीतू मुदलियार, संतोष पिल्ले ने संबोधित करते अपने सुझाव रखे।

# बैराज निर्माण स्थल से छड़ चोरी, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मोहला

मोंगरा बैराज निर्माण स्थल से 18 बंडल छड़ चोरी करने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

आवेदक अशोक पाण्डेय ने शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया कि उनका मितान इंटरप्राईजेस के नाम से फर्म हैए जिसे मोंगरा बैराज में वाटर रिर्सोस डिपार्टमेंट का इंपेक्शन बंगला बनाने का टेंडर मिला था। आवेदक द्वारा ग्राम मोंगरा बैराज में निर्माणाधीन भवन के लिए बिल्डिंग मटेरियल रखा गया था। जिसके चौकीदारी के लिए सोनू रावटे निवासी ग्राम मोंगरा को रखा गया था। जिसके द्वारा ठीक से ड्यूटी नहीं करने पर उसे काम में आने से मना कर दिया था। कुछ माह बाद अपने निर्माणाधीन भवन के लिए रखे गए छड़ में कमी महसूस होने पर गिनती करने पर 18 बंडल छड़ कम होना पाया गया। गांव के लोगों से पूछताछ कर अज्ञात संदेही की पतासाजी किया जा रहा था। मोंगरा बैराज में निर्माणाधीन भवन से 18 बंडल छड़ कीमती एक लाख पचास हजार रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है।



#### आरोपी पकड़े गए

इस मामले में पुलिस द्वारा 19 जुलाई को संदेहियों से पूछताछ करने पर सोनू रावटे एवं उनके 4 साथियों द्वारा 18 बंडल छड़ को चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपी सोनू रावटे 20 साल निवासी ग्राम मोंगरा, फनेश तारम 23 साल निवासी ग्राम मोंगरा, लक्की खुटे 21 साल निवासी ग्राम भड़सेना, शुभम कुमार कुंभकार 20 साल साकिन भड़सेना, तुफान सिंह नेताम 23 साल साकिन भड़सेना एवं पिकअप वाहन का स्वामी चालक विनय कुमार साहू 22 निवासी ग्राम सेम्हरबांधा थाना अं. चौकी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर चोरी गए 18 बंडल लोहे के छड़ को पिकअप वाहन में ले जाकर छुपाना बताए। कुल 18 बंडल छड़ में से 8 बंडल छड़ को मोंगरा में हरिशचंद केंवट के घर बाड़ी के पीछे झाड़ी में छिपाकर रखे एवं 3 बंडल लोहे का छड़ ग्राम भड़सेना में बिजली पोल के पास छिंदी झाड़ में छुपाकर रखा था। कुल 11 बंडल छड़ को पुलिस ने जब्त किया।

# पर्यावरण संरक्षण अभियान का आगाज

**राजनांदगांव।** वन एवं पर्यावरण जलवा परिवर्तन सवंर्धन परिषद इकाई की राष्ट्रीय बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम मंथन 2025 की बैठक हरियाणा टूरिज्म के फरीदाबाद सूरजकुंड में संपन्न हुई। बैठक में 22 राज्यों के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने हिस्सा लिया। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वन विस्तार और जलवायु परिवर्तन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ से चेयरमैन पुनीत कुमार और वाईस चेयरमैन नीलेश श्रीवास्तव भी शामिल हुए। बैठक में परिषद के केन्द्रीय बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के साथ-साथ केंद्रीय एडमिनिस्ट्रटीव टीम भी उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल द्विवेदी ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विक्रम शर्मा सेंट्रल डायरेक्टर एजुकेशन एंड ट्रेनिंग बोर्ड द्वारा प्रशिक्षण व मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण में परिषद की कार्यप्रणाली, राज्य स्तर पर संचालन की रणनीति एवं संगठनात्मक दक्षता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



#### वाइस चेयरमैन ने दिए सुझाव

वाइस चेयरमैन नीलेश श्रीवास्तव ने भी बैठक में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिसमें उपस्थित लोगों ने काफी सराहा। निलेश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश पूरी तरह से वन्य आधारित है। ऐसे में खासकर उन क्षेत्रों में जहां पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता नहीं है, उन्हें जागरूक किया जाना चाहिए।

#### योजनाओं पर चर्चा

बैठक में हरित सैनिक अभिमान, ग्राम वन योजना, वृक्षमित्र योजना आदि विषय पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। परिषद द्वारा बताया गया कि भारत सरकार की सभी योजनाओं को अपनी प्रमुख परियोजनाओं के रूप में शामिल करते हुए एक पेड़ मां के नाम के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं पर साथ-साथ काम कर रही है। जिसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी।

### प्री-डीएलएड और प्री-बीएड की हुई परीक्षा

**राजनांदगांव।** पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय द्वारा प्री-डीएलएड और प्री-बीएड की परीक्षा आयोजित की गई। सुबह 10 से 12:15 बजे तक प्रथम पाली में आयोजित हुई प्री-बीएलएड परीक्षा में 1084 परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था। जिसमें से कुल 976 परीक्षार्थी ही परीक्षा शामिल हुए। वहीं 110 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह द्वितीय पाली में दोपहर 2 से 4:15 बजे तक आयोजित हुई। प्री-बीएड की परीक्षा में 764 परीक्षार्थी को शामिल होना था। प्री -डीएलएड और प्री-बीएड की परीक्षा देकर निकले भावी शिक्षकों के चेहरे खिले दिखाई दिए। परीक्षार्थियों ने कहा कि परीक्षा में प्रश्न अच्छे आए थे। पिछली परीक्षा से इस परीक्षा का कट ऑफ ज्यादा जाने की उम्मीद है। प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से आयोजित परीक्षा को लेकर परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्रों में लगभग 1 घंटे पहले ही पहुंच गए थे।



# ट्रस्ट में 50% आरक्षण को लेकर आदिवासी समाज ने दिया धरना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

रविवार को डोंगरगढ़ शहर पूरे दिन पुलिस की छावनी में तब्दील नजर आया।

दरअसल मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के चुनाव को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने आपत्ति दर्ज कराते हुए ट्रस्ट में 50% आरक्षण की मांग की थी। इसे देखते हुए प्रशासन सुबह से ही अलर्ट मोड पर था और आंदोलन पर नजर रखते हुए डोंगरगढ़ के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। सुबह से ही मंदिर ट्रस्ट समिति के दोनों पैनल और निर्दलीय प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने में जुटे रहे। दूसरी ओर सर्व आदिवासी समाज ट्रस्ट समिति को भंग करने की मांग को लेकर हाई स्कूल मैदान में प्रदर्शन करता रहा।

पूरे दिन डोंगरगढ़ एसडीएम अभिषेक तिवारी समेत जिले के तमाम अधिकारी हाईस्कूल मैदान में मौजूद रहे। पुलिस के आला अधिकारी लगातार आदिवासी समाज को शांत करने में लगे रहे, बावजूद इसके समाज के लोग विरोध प्रदर्शन में अड़े रहे।

#### ट्रस्ट समिति पर लगाए आरोप

देर शाम आदिवासी समाज ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में मुख्य मार्ग पर जाम लगाकर ज्ञापन सौंपा। जिससे प्रशासन पर भी दबाव देखा गया। प्रदर्शन के दौरान समाज ने मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति पर जमकर आरोप लगाए। उनका कहना है कि मां बम्लेश्वरी आदिवासी उइके गोत्र की आराध्य देवी है, इसलिए इस मंदिर का प्रबंधन आदिवासी समाज द्वारा किया जाना चाहिए। समाज का आरोप है कि कुछ लोगों ने मंदिर में कब्जा कर आदिवासी समाज को दरकिनार कर दिया है।

## शिवमय हुआ नगर, श्रद्धाभक्ति का माहौल

# जयकारे के साथ निकली दिव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी धाम छिरपानी प्रांगण डोंगरगढ़ से प्रारंभ हुए सप्त दिवसीय पंचकुंडीय रूद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा के शुभारंभ अवसर पर आज नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक दिव्य कलश यात्रा का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। शोभायात्रा महावीर मंदिर प्रांगण से दोपहर 2 बजे विधिवत प्रारंभ हुई, जो गोलबाजार, रेलवे चौक होते हुए कथा स्थल मां बम्लेश्वरी धाम छिरपानी प्रांगण तक पहुंची। नगर की पावन वायु में ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव, जय बम्लेश्वरी माई जैसे जयघोष गूंज उठे।

नगर प्रशासन, पुलिस विभाग एवं सुरक्षाबलों ने इस आयोजन में यथोचित व्यवस्था, सुरक्षा एवं यातायात संचालन में सराहनीय भूमिका निभाई। कथा स्थल पर पहुंचने के पश्चात पूजन-अर्चन एवं आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ। यह आयोजन न केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन है, बल्कि जनचेतना और शिवतत्व के जागरण का अद्भुत प्रयास है।पूज्य गुरुदेव ने इसे एक आत्मिक यात्रा जो शिवत्व की अनुभूति कराती है, बताया। कल 21 जुलाई से श्री शिवमहापुराण कथा का विधिवत शुभारंभ होगा। सभी श्रद्धालु भक्तों से कथा में सपरिवार सहभागी बनने की मंगल अपील की गई है।



#### झांकी ने किया भाव विभोर

शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता, मातृशक्ति द्वारा सिर पर कलश, वाद्ययंत्रों की ध्वनि, पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित बाल गोपाल और विशेष रूप से आकर्षक शिव-पार्वती झांकी ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। पूज्य गुरुदेव भगवान के पावन सान्निध्य में यात्रा का आरंभ हुआ। जिसमें श्रीमद्भागवत सेवा संस्थान शाखा डोंगरगढ़ के सदस्यगण, यज्ञाचार्यगण, सेवकगण एवं जनमानस भारी संख्या में उपस्थित रहे।



हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025






## आठवीं बटालियन में घुसे चोर, दो घर में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के हाईवे किनारे आठवीं बटालियन इलाके में बीती रात अज्ञात चोरों ने प्रवेश किया और यहां के दो घरों से नगदी सहित अभूषण चोरी कर लिया। अज्ञात चोरों ने लगभग 7 घरों का ताला तोड़कर चोरी का भी प्रयास किया है। रिपोर्ट पर पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईवे किनारे स्थित आठवीं बटालियन में बीती रात अज्ञात चोरों ने प्रवेश किया और यहां के दो घरों से नगदी सहित आभूषण की चोरी कर ली। बताया गया कि उक्त क्षेत्र में स्थित लगभग 7 घरों का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया है। चोरी एवं घरों का ताला टूटने की जानकारी जैसे ही बटालियन के लोगों को हुई हडकंप मच गया था।

### लगभग 7 घरों का टूटा ताला, पुलिस जांच में जुटी



#### कैमरे में घटना कैद

बताया गया कि चोरों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। घटना की रिपोर्ट पर लालबाग पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। ज्ञात हो कि उक्त क्षेत्र में पूर्व में भी चोरी की वारदात हो चुकी है। इधर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

### सावन का दूसरा सोमवार आज, शिवमय रहेगा शहर

## कांवड़ यात्रा-बाबा की पालकी में शामिल होंगे विस अध्यक्ष डॉ.रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सावन के दूसरे सोमवार को लेकर भक्तों में उत्साह एवं श्रद्धा भक्ति का माहौल है। इस मौके पर मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति रहेगी। वहीं सुबह से कांवड यात्रा एवं दोपहर को महाकाल की पालकी निकाली जाएगी। पर्व को लेकर बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। ज्ञात हो कि सावन माह को भगवान शिव की आराधना व भक्ति के लिए प्रमुख माना गया है। विशेषकर सावन माह के सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना अति उत्तम माना गया है। सावन में चार सोमवारों का योग है, जिसे लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल है। पूरा अंचल शिव भक्ति में लीन है। ऐसे में कल सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में ओम नमः की गूंज बनी रहेगी।

**शिवनाथ नदी में उमड़ेगी अलसुबह भीड़**

सावन के दूसरे सोमवार को सुबह से कांवडियों का जत्था कांवड में जल लेने शिवनाथ नदी में पहुंचेंगे, जहां से जल लेकर शिव मंदिरों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। जिसके चलते नंदई से मोहारा रोड में कांवड़ियों की भीड़ बनी रहेगी। बोल बम के साथ निकली कांवड यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रहेगी। श्री बागेश्वर धाम द्वारा निकाले जा रहे कांवड यात्रा के क्रम में दूसरे सोमवार को सिंदूर तिरंगा कांवड यात्रा निकाली जाएगी।



फाईल फोटो

#### शिवालयों में गूंजा ओम नमः शिवाय

इधर शहर के मां शीतला मंदिर, मां पाताल भैरवी मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, मोतीनाथ मंदिर, भरकापारा शिव मंदिर, बांसपाईपारा शिव मंदिर, गांधी चौक स्थित शिव मंदिर, मोहारा शिवनाथ नदी तट शिव मंदिर, नया बस स्टैंड रोड बल्देवाग शिव मंदिर, तुलसीपुर शिव मंदिर, भानेश्वरी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विधि-विधान से भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना किए जाने की व्यापक तैयारियां की गई है। सावन के दूसरे सोमवार को अंचल के शिवालयों में सुबह से देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति बनी रहेगी। वहीं विविध धार्मिक कार्यक्रमों का क्रम होगा। इस दौरान ओम नमः शिवाय की गूंज रहेगी। सावन के दूसरे सोमवार को देखते हुए बाजार एवं मंदिरों के आसपास पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है, जहां से पूजा सामग्रियों की मांग भी भक्तो के बीच है।

#### महाकाल यात्रा में निकलेगी पालकी

सिंघोला महाकाल मंदिर से जुड़ी महाकाल सेना द्वारा कल सोमवार 21 जुलाई को क्लब चौक बसंतपुर से महाकाल यात्रा प्रारंभ होगी, जो महामाया चौक, गांधीनगर, महेश नगर, कमला कॉलेज चौक, रेस्ट हाऊस मार्ग, प्रभात नगर होते हुए महाकाल की यात्रा का विश्राम लालबाग लाल बागेश्वर धाम सिंधु कालोनी में होगा, जहां बाबा बर्फानी बाबा का बर्फ शिवलिंग विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। महाकाल की पालकी यात्रा को लेकर भक्तों में उत्साह है। इस दौरान कई स्थानों पर यात्रा का स्वागत सत्कार किए जाने की भी तैयारियां की गई है।

# युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के महीनेभर बाद भी तीन दर्जन शिक्षकों ने नहीं दी ज्वाईनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए की गई युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद भी कई स्कूलों में शिक्षक की कमी बनी हुई है। इसके पीछे का मुख्य कारण प्रक्रिया के बाद जिन शिक्षकों को दूसरे स्कूल भेजा गया है, वे वहां ज्वाईनिंग नहीं दे रहे हैं। जिले में ऐसे करीबन तीन दर्जन शिक्षक हैं, जिन्होंने स्कूल खुलने के महीनेभर बाद तक नई पदस्थापना में ज्वाईनिंग नहीं की है। चार शिक्षकों के वेतन रोके गए हैं। वहीं बाकी के खिलाफ भी सख्त एक्शन की तैयारी कर ली गई है।

उल्लेखनीय है कि एकल शिक्षकीय, शिक्षकविहीन के साथ ही शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में समस्या दूर करने की मंशा से सरकार ने इस बार युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की है। जिसके तहत जिन स्कूलों में अधिक शिक्षक हैं, उन्हें दूसरे स्कूलों में भेजा गया है। जिले में भी प्रक्रिया के तहत राज्य शासन से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार काउंसलिंग में भाग नहीं लेने वाले शिक्षकों को शेष रिक्त पदों पर पदस्थापना दी गई। जिले में प्राथमिक शाला में 248 शिक्षक, 5 प्रधान पाठक और मिडिल स्कूल में 88, हाई, हायर सेकंडरी स्कूल में 90 के करीब अतिशेष शिक्षक थे। वहीं कुल 408 शिक्षक हैं, जिन्हें काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना दी गई है।

### चार शिक्षकों के वेतन रोके, आगे की कार्रवाई के लिए जेडी को लिखा पत्र




#### करेंगे कार्रवाई

युक्तियुक्तकरण के बाद कुल 36 शिक्षकों ने अब तक ज्वाईनिंग नहीं दी है। इनमें चार के वेतन रोके गए हैं। दुर्ग जिले से जिन शिक्षकों ने ज्वाईनिंग नहीं किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है।

- प्रवास सिंह बघेल, डीईओ, राजनांदगांव

#### स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित

जिले में 6 प्राथमिक शालाएं शिक्षकविहीन थी, लेकिन अब सभी शालाओं में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। वहीं 93 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय शाला थी। जबकि अब 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है। इसी तरह पहले 9 पूर्व माध्यमिक शाला एकल शिक्षकीय थी। जबकि वर्तमान में सिर्फ 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है। ऐसे स्कूलों के समायोजन से जिनमें छात्रों की संख्या कम है, वहां युक्तियुक्तकरण से विद्यार्थियों को फायदा होने के दावे किए गए थे, लेकिन कई स्कूलों में शिक्षको की ज्वाईनिंग नहीं किए जाने से आज भी कमी बनी हुई है।

#### दुर्ग के शिक्षक नहीं आ रहे

मिली जानकारी के अनुसार जिले में जिन 36 शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद नई पदस्थापना में ज्वाईनिंग नहीं दी है, उनमें सर्वाधिक 32 शिक्षक दुर्ग के शामिल हैं। दुर्ग से जिन 32 शिक्षकों को राजनांदगांव भेजा गया है, वे अब तक अपनी पोस्टिंग बदलवाने के जुगाड़ में लगे हुए हैं। वहीं राजनांदगांव जिले के ऐसे चार शिक्षक हैं। हालांकि इन चार शिक्षकों के विभाग ने वेतन रोक दिए हैं। वहीं दुर्ग के 32 शिक्षकों के खिलाफ एक्शन के लिए दुर्ग संभाग प्रभारी को पत्र लिखा गया है।

#### सभी की अपील अमान्य

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के बाद शिक्षकों को कारण सहित अपील करने का मौका भी दिया गया था। जिले में भी कुल आठ शिक्षकों ने अपनी अपील जिला स्तरीय समिति के पास की थी। इनमें विषय परिवर्तन, गंभीर बीमारी, स्कूल की दूरी अधिक होने जैसी बातें शामिल थी। हालांकि जिला स्तरीय समिति ने सभी आठ अपील को कारण देखने के बाद अमान्य कर दिया है।

## कार में ले जा रहे थे कच्ची महुआ शराब एक आरोपी पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब कार में ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों से कार एवं महुआ शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 20 जुलाई को मुखबीर के सूचना के आधार पर आरोपी शिवप्रकाश रामटेके 40 साल ग्राम पांडुटोला को अवैध कच्ची महुआ शराब परिवहन करते रंगे हाथ पकड़ा गया है। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी के अंदर पांच अलग-अलग सफेद रंग के पारदर्शिता झिल्ली में बंधा कच्ची महुआ शराब प्रत्येक झिल्ली में 7-7 लीटर कुल मात्रा 35 लीटर कीमती 7000 रुपए एवं एक सेंट्रो कार को विधिवत पुलिस ने जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

## तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 93% मतदान, आज काउंटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पंद्रह दिन से जारी मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव के प्रचार बाद आज शाम 4 बजे तक मतदान के साथ चुनावी प्रक्रिया संपन्न हो गई है। रविवार सुबह 7 बजे से शाम चार बजे तक, आठ घंटे के दरमियान तीनों श्रेणी के 2943 मतदाताओं में से 2760 मतदाताओं ने मतदान किया।

खास बात यह है कि पिछले कई वर्षों से चले आ रहे इस धर्मार्थ चुनाव में पहली बार 93 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसको लेकर भी इस धार्मिक चुनाव को लेकर समीकरण बैठाना दोनों ही पेनलों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। इस बार तीनों ही श्रेणी में मनोज अग्रवाल सेवा दल पैनल का पलड़ा भारी होने की चर्चा ज्यादा सुनने को मिली। जबकि भैय्याजी पेनल, नारायण अग्रवाल पेनल भी अपनी जीत का दावा करते नजर आए। संरक्षण श्रेणी में 522 मतदाताओं में 491 मत, आजीवन श्रेणी में 884 मतदाताओं में 804 मत और साधारण श्रेणी में 1537 में 1465 मतदाताओं ने मतदान किया।

कल प्रातः सुबह 7 बजे से शुरू होने वाली मतगणना को लेकर शहर में जीत-हार को लेकर जमकर दांव लगने की भी खबर सामने आई है। देखा जाए तो सट्टा बाजार में मनोज अग्रवाल सेवा दल पैनल के पक्ष में ज्यादा बाजार गर्म होने की जानकारी भी सामने आई।



#### तैनात रही तगड़ी सुरक्षा

आज मंदिर चुनाव का मतदान शांति ढंग से संपन्न हुआ। हल्के वाद-विवाद के साथ आदिवासी समाज के धरना प्रदर्शन और मंदिर परिसर के आसपास तगड़ी पुलिस व्यवस्था के बीच मतदान सफलतापूर्वक हुआ। आदिवासियों ने उक्त चुनाव को लेकर अपनी मांग को आधार बनाकर धरना प्रदर्शन की आशंका को भी प्रशासन ने पूरी गंभीरता से लेते अपनी सहभागिता निभाई।

#### बदलना पड़ा सील

आज मंदिर चुनाव के मतदान के दौरान बैलेट पेपर में निशान बनाते वक्त सील के रबर फिसलने के कारण कई मतदाताओं को परेशानी होने की जानकारी सामने आई है। बताया जाता है कि शिकायत के बाद सील को बदलकर उसे तुरंत ठीक किया गया।

#### सीसीटीवी से निगरानी

तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरा के साथ-साथ बड़े पैमाने पर पुलिस सुरक्षा बल की निगरानी में मतदान संपन्न कराया गया। एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुजाम, तहसीलदार नीलकंठ सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।




## मोपेड़ में शराब ले जाते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को नाकाबंदी कर पकड़ा। आरोपी से 36 पौवा देशी मसाला शराब बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 19 जुलाई को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नीले रंग के जूपीटर स्कूटर में अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मेन रोड चिखली के पास नाकाबंदी कर जूपीटर वाहन चालक को रोका। वाहन को चेक करने पर प्लास्टिक के थैले में रखे 36 पौवा देशी मसाला शराब बरामद किया गया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी राजदास उर्फ टुमेश मानिकपुरी 21 वर्ष ढिमरपारा के खिलाफ कार्रवाई की है।

## करंट की चपेट में आने से छात्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

गुरुवार को एक स्कूली बच्चे की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना ग्राम घोटिया की है। स्कूल से छुट्टी होने के बाद छात्र बकरी चराने गया था। विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि झटका तार को डायरेक्ट कनेक्शन लेकर जोड़ा गया था।

जानकारी के मुताबिक मृतक दीपेश हिड़को गुरूवार को खेतों की ओर बकरी चराने अपनी बहनों के साथ गया था। वह एक खेत में लगाए गए झटका तार से झुलस गया। मौके पर रखवाली कर रहा साहू राम मौजूद था, किंतु करंट लगने पर भी झटका मशीन को बंद नहीं किया। करंट लगने पर छोटी बहनों ने दीपेश को बचाने की कोशिश किए लेकिन असमर्थ होने पर अपनी मां को बुलाया। मां के आने के बाद मशीन को बंद किया गया किन्तु तब तक अनहोनी हो चुकी थी। परिजनों का कहना है कि खेत में लगाए गए झटका तार में बिजली पोल से अवैध रूप से खींची गई तेज करंट प्रवाहित किया जा रहा था जिसकी चपेट में आने से दीपेश की जान चली गई।

■ पोल से लिया था डायरेक्ट कनेक्शन



#### कार्रवाई की जाएगी

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ईश्वर ध्रुव ने बताया कि करंट लगने से बच्चे की मौत हुई है। मामले की जांच जारी है। बिजली विभाग से जांच कर रिपोर्ट देने कहा गया है। जांच रिपोर्ट और पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी। बिजली विभाग की जेई भावना मंडावी ने बताया कि झटका तार को डायरेक्ट कनेक्शन से जोड़ दिया गया था। विद्युत प्रवाह की चपेट में आने से दीपेश की मौत हुई है।

स्थापना वर्ष 2014
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
पता : कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years

**धरना प्रदर्शन:** शिक्षा विभाग में संविलियन सहित अन्य मांगों को लेकर दिया धरना

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के संविदा शिक्षकों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेशभर में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल में कार्यरत संविदा शिक्षकों के प्रांतीय संगठन के आव्हान पर रविवार को प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल में कार्यरत संविदा शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय कवर्धा में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद की। कवर्धा के राजमहल चौक स्थित धरना प्रदर्शन में अपनी मांगों को लेकर धरना देने पहुंचे जिले के सभी आठों स्वामी आत्मानंद स्कूल के संविदा शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक स्वर में कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने मोदी की गारंटी दी थी कि सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाएगी। लेकिन आज प्रदेश में भाजपा की सरकार बने लगभग 18 महिने होने जा रहे हैं मोदी की गांरटी पूरी नहीं की गई है। जिससे स्वामी आत्मानंद स्कूल में कार्यरत संविदा शिक्षकों में काफी असंतोष है और वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। उन्होने कहा कि संविदा शिक्षक भी नियमित शिक्षकों की ही तरह अपनी नियमित और बेहतर सेवाएं दे रहे हैं लेकिन न तो उन्हें वेतन नियमित शिक्षकों के समक्ष मिल रहा है और न ही सुविधाएं। जो की आत्मानंद स्कूल में कार्यरत संविदा शिक्षकों के साथ अन्याय है। उन्होने कहा कि आज प्रदेश सहित जिले में संचालित सभी स्वामी आत्मानंद स्कूलों के शिक्षकों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर प्रदेश की भाजपा सरकार को मोदी की गारंटी याद दिलाने का काम किया है और पुनः नियमितीकरण तथा वेतन वृद्धि की मांग की है।

### 31 जुलाई तक का दिया गया अल्टीमेटम



स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक व कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि अगर 31 जुलाई तक नियमितीकरण और सेवा शर्तों में सुधार को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो एक अगस्त से पूरे छत्तीसगढ़ में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। यहीं कारण है कि आज रविवार को कवर्धा से स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कार्यरत संविदा शिक्षकों का शिक्षा विभाग में सिविलियन व नियमितीकरण, नियमित वेतन वृद्धि व वेतनमान निर्धारण सेवा शर्तें स्पष्ट करने की मांग को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया है।

### छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने दिया मांगों को समर्थन

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कार्यरत संविदा शिक्षकों व कर्मचारियों के मांगों का समर्थन किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि स्कूलों में संविदा व्यवस्था उचित नहीं है। प्रदेश सरकार सभी आत्मानंद स्कूलों के संचालन को समिति के बजाय अपने हाथों में लेकर शासकीय विद्यालय के रूप में संचालन करे और वहां कार्यरत संविदा शिक्षकों व कर्मचारियों का निःशर्त शासकीयकरण करे।

# कुकदूर नेउर वन क्षेत्र में हिरण की संदिग्ध मौत, शिकार की आशंका

## वन विभाग ने शुरू की जांच, ग्रामीणों ने दी जानकारी



■ वन विभाग को पीएम रिपोर्ट का इंतजार, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई/कुकदुर

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत कुकदूर नेउर के वन क्षेत्र में एक हिरण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने जंगल से लगे खेत में मृत हिरण को देख तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी।

सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हो गई। मौके पर पहुंचकर वन विभाग ने हिरण के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हिरण की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है या फिर यह किसी अवैध शिकार का मामला है।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी इस वन क्षेत्र में वन्य प्राणियों के शिकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है और दोषियों की तलाश जारी है। वन विभाग ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को भी वन्य प्राणियों से संबंधित संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले, तो तुरंत विभाग को सूचित करें। वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत शिकार जैसी गतिविधियां दंडनीय अपराध की श्रेणी में आती हैं और इसके लिए कठोर कानूनी प्रावधान हैं।

लेकिन दुर्भाग्य का विषय है इस तरह के सख्त प्रावधानों के बाद भी कबीरधाम जिले के जंगलों में वन्यप्राणी सुरक्षित नजर नहीं आ रहे हैं और लगातार उनकी हत्या अथवा मौत के मामले सामने आ रहे हैं। जिस पर विभाग को गंभीरता दिखाने की जरूरत है।

### मृतक हिरण के शरीर में चोट के निशान

यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया विकासखंड अंतर्गत कुकदूर नेउर के वन क्षेत्र में मृतक अवस्था में मिले वन्यप्राणी हिरण के शरीर में चोट के निशान भी मिले हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ये चोट के निशान हिरन के शरीर में कैसे आए। बहरहाल वनविभाग को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है ताकि हिरण के मौत की वजह सामने आ सके और आगे की कार्यवाही की जा सके।

## खबर संक्षेप

### घर में सो रहा युवक सर्पदंश का शिकार



**बोड़ला।** वर्षाकाल के इस सीजन में जिले के वनांचल क्षेत्र बोड़ला में सर्पदंश के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम छेरकी कछार से आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम छेरकी कछार निवासी पवन छेदावी, पिता सोनू आयु 22 वर्ष शनिवार की रात को अपने घर के पलंग में सो रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान डंडा करैत नामक जहरीले सर्प ने उसे दंश मार दिया। जिसके बाद पवन को परिजनो द्वारा बगैर देरी किए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला लाया गया। जहां उपचार के बाद वह स्वस्थ्य है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इससे पूर्व विकासखण्ड बोड़ला क्षेत्र के ग्राम पालक में शनिवार को ही मछली पकड़ने गए ग्राम पालक निवासी बल्लुराम पिता सुधारी आयु 35 वर्ष को भी जहरीले सर्प ने दंश मार दिया। जिसके बाद उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला लाया गया जहां उपचार के बाद मरीज की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# ब्लॉक कांग्रेस ने ठाठापुर बिजली ऑफिस का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार तथा जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ठाठापुर के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर स्थानीय बिजली ऑफिस का घेराव किया गया। इससे पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक सभा का भी आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश सिंह गहरवार ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को छला जा रहा है और घरेलु बिजली बिल में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट दर वृद्धि किया गया है जबकि गैर घरेलू बिजली में भी 25 पैसे से 50 पैसे प्रति यूनिट दाम में वृद्धि की गई है। उन्होने कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है कि अपना खून पसीना एक करने वाले अन्नदाता किसानों को भी भाजपा सरकार ने नही बक्शा और सर्वाधिक वृद्धि किसानों के कृषि पंप के बिल में 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी कर किसानों की कमर तोड़ने का काम किया है जो बहुत ही निंदनीय है। उन्होने कहा कि इतिहास गवाह है भाजपा जब भी सत्ता में आई तो उसने केवल और केवल आम जनता, किसानों, गरीबों व महिलाओं के साथ दुर्भावना से छलने व लूटने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाए है। किसान पहले ही खाद, बीज और अघोषित बिजली की कटौती से परेशान है उस पर बिजली बिल में बढ़ोत्तरी कर जानबूझ कर किसानो को परेशान किया जा रहा है। जिससे भाजपा की कथनी और करनी अब स्पष्ट दिखाई देने लगी है। उन्होने कहा कि ठाठापुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी इसका पुरजोर विरोध करती है और आंदोलन करने के लिए बाध्य है। भाजपा सरकार बिजली बिल को कम नही करेगी तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। धरना प्रदर्शन व घेराव के बाद कांग्रेसियों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन प्रदेश के राज्यपाल के नाम प्रशासन को सौंपा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।




# रानीदहरा जलप्रपात में बहे तीन, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रानीदहरा जलप्रपात में एक बार फिर रविवार को एक बड़ा हादसा सामने आया है। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर अंचल के पहाड़ी ईलाकों में हुई भारी बारिश के चलते आई बाढ़ में मुंगेली तथा बेमेतरा जिले से आए कुल तीन लोग बाढ़ के पानी में बह गए। जिसमें से एक की मौत हो चुकी है जबकि एक को बचा लिया गया है लेकिन एक अभी भी लापता बताया जा रहा है। घटना की खबर मिलने के बाद मौके पर दलबल के साथ पहुंची बोड़ला पुलिस लापता युवक की तलाश कर रही है लेकिन अभी तक उसे सफलता नहीं मिल पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को मुंगेली जिले से कुछ लोग रानीदहरा जलप्रपात घूमने के लिए आए थे। इसी दौरान मुंगेली निवासी नरेंद्र पाल पिता अवतार सिंग आयु 45 वर्ष जलप्रपात में अचानक आई बाढ़ में बह गया और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने मृतक के शव को बरामद कर लिया है। बताया जाता है इसी प्रकार दो अन्य युवक लेखराज सोनवानी और सृजन पाठक बेमेतरा जिले से रानी दहरा जलप्रपात घूमने के लिए आए थे और वे मोटर सायकल से वापस लौट रहे थे। लेकिन लौटने के दौरान नाले में अचानक आई बाढ़ में दोनो युवक बह गए। जिनमें से एक युवक लेखरात को आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण किसानो ने बचा लिया और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेज दिया गया लेकिन दूसरे युवक सृजन पाठक का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और गोताखोर की टीम युवक की तलाश कर रही है लेकिन अभी तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा में विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



दिल्ली पब्लिक स्कूल, महाराजपुर, कवर्धा में गत शनिवार को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कविता कन्नौजे, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान विभाग, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को करियर चयन के लिए आत्ममूल्यांकन, रुचि पहचान, समय प्रबंधन एवं मानसिक संतुलन के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्न रखे जिनका समाधान डॉ. कन्नौजे ने प्रभावी ढंग से किया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विषय चयन में लचीलापन एवं बहुविषयक अध्ययन प्रणाली की जानकारी भी दी, जिससे विद्यार्थी अपनी रुचियों के अनुसार बेहतर विकल्प चुन सकें। विद्यालय की प्रधानाचार्या ग्रेसिया एन. फीग्रेड ने डॉ. कन्नौजे का आभार व्यक्त करते हुए इस सत्र को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# खस्ताहाल व जर्जर सड़क का दंश झेल रहे ग्राम बिजई के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजई



ग्राम से सोनबरसा पहुंच मार्ग के खस्ताहाल और जर्जर होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व इस सड़क की मरम्मत के नाम पर संबंधित विभाग द्वारा थूक पालिस व लीपापोती की गई थी। जिसके चलते अब यह सड़क एक बार फिर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। जिसके कारण मार्ग से होकर गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग का उपयोग क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानो के साथ ही प्रतिदिन स्कूली बच्चे ग्राम बिजई से सोनबरसा आने जाने के लिए करते हैं लेकिन मार्ग में जहां तहां बड़े-बड़े गड्ढे होने और उनमें बारिश का पानी जमा होने के कारण उन्हें आवागमन में भारी समस्या उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

**पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संगठनो व ग्रामीणों का एक मजबूत कदम**

# बोड़ला क्षेत्र के 20 ग्रामों में 25,000 से अधिक सीड बॉल का बिखेराव पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला



पर्यावरणीय संतुलन, परिस्थिति के सुधार और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में शिखर युवा मंच द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के 20 ग्रामों में सीड बॉल बिखेरने का अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

यह संपूर्ण गतिविधि संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें गांवों की पारंपरिक सीमाओं के भीतर सामूहिक रूप से 25,000 से अधिक सीड बॉल फेंके गए। इस अभियान में खड़ोदा खुर्द, गांगचुवा, छुईहा, कुरलूपानी, जोकपानी, लब्दा, बोदा, कोमो, मुड़घुसरी (जं.), बांटीपथरा, राली, छुही, जामपानी, कोटनापानी, कुकरापानी, भरतपुर, लीलादादर, धुमाछापर, लरबक्की एवं दुर्जनपुर ग्रामों की सक्रिय भागीदारी रही तथा सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति, वन अधिकार समिति महिला समूहों, युवाओं एवं ग्रामवासियों ने मिलकर इस कार्य को उत्साहपूर्वक संपन्न किया। सीड बॉल निर्माण में स्थानीय पेड़-पौधों की बीज प्रजातियां जिसमें महुआ, हर्रा, बहेरा, आरकेसिया, गटारण, रेंनट्री, गुलमोहर, प्लसजीवा, काला सिरस, सफेद सिरस, अमलतास, पेल्स्फान एवं अनजन का उपयोग किया गया। यह पहल पूर्णतः जैविक, स्थानीय संसाधनों पर आधारित और पर्यावरण के अनुकूल रही। इस अभियान को लेकर संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने कहा कि प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व की भावना हमारी सांस्कृतिक विरासत रही है। वन, जल, भूमि और बीज ये केवल संसाधन नहीं, बल्कि हमारे जीवन के आधार हैं। शिखर युवा मंच के इस सीड बॉल अभियान में हमने देखा कि जब समुदाय जागरूक होता है, तो पर्यावरण संरक्षण एक जनांदोलन का रूप ले लेता है। ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने जिस समर्पण और सहयोग के साथ इस कार्य को अंजाम दिया है, वह वास्तव में अनुकरणीय है। हमें गर्व है कि इस पहल ने न केवल बीज बोए हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता, चेतना और प्रकृति से प्रेम के बीज भी बोए हैं। हमारा लक्ष्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि भावनात्मक और सामाजिक रूप से भी लोगों को प्रकृति से जोड़ना है। शिखर युवा मंच आने वाले समय में भी इसी प्रतिबद्धता और उत्साह के साथ पर्यावरणीय और सामाजिक कार्यों को गति देता रहेगा।

# राजानवागांव स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव




**कवर्धा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू उपस्थित थे। वहीं अन्य अतिथितियों में नंदकुमार श्रीवास जनपद उपाध्यक्ष, नितेश अग्रवाल भाजपा उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकतंत्र साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना की गई। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए विद्यालय प्राचार्य सुजीत गुप्ता ने विगत वर्ष की उपलब्धियां एवं परीक्षा परिणाम की विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं नवप्रवेशित कक्षा नवमी के 173 छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण एवं मुंह मीठा कर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने छात्र-छात्राओं बेहतर ढंग से पढ़ाई लिखाई करने के लिए प्रेरित किया। वहीं विद्यालय के सामने एक सुंदर गेट निर्माण करने की घोषणा की। नितेश अग्रवाल ने सभी बच्चों को विगत वर्ष की घोषणा को याद दिलाते हुए कक्षा दसवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा चांदनी साहू को 5000 रूपए नगद प्रदान कर प्रोत्साहित किया साथ ही इसी क्रम को जारी रखने की भी घोषणा की। नंदकुमार श्रीवास जनपद उपाध्यक्ष बोड़ला ने शिक्षा के साथ संस्कार के महत्व को प्रतिपादित किया। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए छात्र-छात्राओं को निरंतर अध्ययन एवं अध्यापन करने के लिए प्रेरित किया। सरपंच महेंद्र कुमार राय ने विद्यालय के सामने बने गड्ढे पर मुरूम डलवाने एवं समतलीकरण की बात कहीं। कार्यक्रम का संचालन शिवेंद्र चंद्रवंशी एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता विधिराम चंद्रवंशी ने किया। इस कार्यक्रम में उपसरपंच बुधराम पटेल, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के समस्त धर्मेंद्र मानिकपुरी, लोमश श्रीवास, सुरेश पटेल, जलेश पटेल, सेवा पटेल पूर्व सरपंच, सदस्य शिक्षक शिक्षिका गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सार समाचार

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई

**राजनांदगांव**। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुज्जी में सेवानिवृत्त शिक्षकद्वय तीरथ राम देवांगन प्रधान पाठक एवं डॉ. गजेंद्र कुमार हरिहारनो उच्च वर्ग शिक्षक को 62 वर्ष आयु पूर्ण होने के पश्चात सेवानिवृत्ति पर



संकुल स्तर पर शाला प्रांगण खुज्जी में ससम्मान विदाई दिया गया। व्याख्याता चैनकुमार सोनवानी ने बताया कि शाला आगमन पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का गुलाल से अभिषेक कर स्वागत करते उनको मंच तक लाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएल पात्रे ने किया। विशिष्ट अतिथि सुयश नाहटा, जीएस साहू, राजेंद्र ठाकुर, जेआर यादव, साकेत गंजीर, तोरणलाल साहू, जगतराम सोनकर, देवानंद साहू, विशाखा घरेन्द्र शामिल थे। इस अवसर पर शाला के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मोहनलाल साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रभारी प्रधान पाठक डी. मानकर एवं शिक्षिका भूमिका साहू द्वारा सेवानिवृत शिक्षकों के सम्मान पत्र का वाचन बाद संकुल तथा शाला परिवार की ओर से शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के दीर्घायु, स्वस्थ व मस्त रहने एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। सेवानिवृत्त शिक्षकद्वय द्वारा शाला को साउंड बाक्स गिफ्ट कर आभार जताया।

### बच्चों को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव**। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रोजेक्ट जूनियर-जी के संबंध में प्रशिक्षण का



आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने कहा कि बच्चों के परीक्षा परिणाम में सुधार करने के साथ-साथ उन्हें सही दिशा एवं कैरियर मार्गदर्शन और बच्चों के ड्राप आउट को रोकने प्रोजेक्ट जूनियर-जी को जिले में संचालित किया जा रहा है। इसके तहत बच्चों की परीक्षाओं में अच्छे परिणाम और पढ़ाई के प्रति जागरूकता लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों का सही मार्गदर्शन करना है। जिससे वे गलत दिशा में न जाए। इसके लिए कॉलेज के अच्छे बच्चों को इसमें जोड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज के बच्चों को लीडरशीप करने का अच्छा मौका मिल रहा है। कॉलेज के अच्छे बच्चे, जो बड़े भाई और बड़ी बहन की तरह छोटे बच्चों को अपने अच्छे अनुभव के साझा कर सकते हैं। उनके द्वारा भविष्य, पढ़ाई, कैरियर मार्गदर्शन और मनोबल को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

### दिग्विजय कॉलेज में जिला स्तरीय स्पर्धा

**राजनांदगांव**। प्रेमचंद और तुलसी जयंती पर शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा जिला स्तरीय साहित्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह प्रतियोगिता महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए है। जिसमें राजनांदगांव जिले के किसी भी महाविद्यालय में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।
प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के अनुसार इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महाविद्यालयीन छात्रों में मुंशी प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास के साहित्य के प्रति रूचि बढ़ाना है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने बताया कि इस साल मुंशी प्रेमचंद और गोस्वामी तुलसीदास दोनों की जयंती 31 जुलाई को पड़ रही है, इसलिए इन दोनों साहित्यकारों के साहित्य पर आधारित प्रश्न पूछकर प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया गया है। दोनों साहित्यकारों पर आधारित यह प्रतियोगिता अलग-अलग होगी और प्रत्येक के लिए तीन-तीन विजेता चुने जाएंगे। यह प्रतियोगिता ऑनलाइन मोड में मोबाइल से होगी, लेकिन प्रतिभागियों को दिग्विजय कॉलेज में उपस्थित होकर भाग लेना होगा। प्रतियोगिता के कुल 25 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्पों में से किसी एक सही का जवाब का चयन करना होगा। सभी विजेताओं को 31 जुलाई को पुरस्कृत किया जाएगा।

### रेल्वे अंडरब्रिज के निर्माण में उदासीनता: रूपेश

**राजनांदगांव**। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने ओवरब्रिज में निर्माणाधीन डिवाइडर पर प्रश्न चिन्ह लगाते कहा कि देशभर में स्पेस



टेक्नोलॉजी के नाम पर निर्माण कार्यों का जो भट्ठा भाजपा की केंद्र सरकार ने बिठाई है, उससे बढ़कर डॉ. रमन सिंह के विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव में ट्रैफिक का दबाव झेलता और केंद्र सरकार की निषक्रियता के चलते रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण करने में असक्षम भाजपा सरकार के चलते जनता दुर्घटना की शिकार हो रही थी। श्री दुबे ने कहा कि हो रही दुर्घटनाओं को देखते खंबेनुमा डिवाइडर लगाकर एक अच्छी व्यवस्था किया गया। जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला और दुर्घटनाएं थमी, वर्तमान में डिवाइड का निर्माण किया जा रहा है, वह डिवाइड शायद नई वैज्ञानिक पद्धति से निर्माण किया जा रहा है। जिसके तहत डामरीकृत सड़क पर मात्र टांचा मारकर फ्लाई एस. ईंट से जोड़ाई का काम औपचारिकता निभाने किया जा रहा है। निर्माण जो दो पहिया वाहन के ठोकर से ही धराशाई हो जाएगा।

### शहीद जवानों को विद्यार्थियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव**। कान्फ्लूएंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 12 जुलाई 2009 को कोरकोट्टी में हुए नक्सली हमले में शहीद तत्कालीन




पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार चौबे सहित 29 जवानों को विद्यार्थियों ने दीपक जलाकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि जिले के नक्सली इतिहास में पुलिस बल पर यह नक्सलियों का सबसे बड़ा हमला था। नक्सलियों के एम्बुश में फंसकर 12 जुलाई 2009 को हमारे जवान शहीद हो गए। यह नक्सलियों की कायराना हरकत थी, जो हमारे जवानों को अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी। आज उनके शहादत को सलाम करते हुए उनके जज्बे को प्रणाम किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर संजय अग्रवाल ने जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते कहा कि ब्लास्ट से सड़क भी उड़ा दिया गया था।

### तलवार-चाकू लेकर डराने वाले पकड़ाए

**राजनांदगांव**। तलवार लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार तुमड़ीबोड़ के ग्रामीण ने पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के अरूण विश्वकर्मा और अकाश यादव 19 जुलाई को ग्राम तुमड़ीबोड़ के रामनगर राम मंदिर के पास तलवार लेकर लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने राम मंदिर तुमड़ीबोड़ के पास धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे आरोपी अरूण विश्वकर्मा 31 वर्ष एवं अकाश यादव 24 वर्ष तुमड़ीबोड को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक लोहे का पट्टा चाकू एवं तलवार जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

# अच्छी पहलः पार्षद ने जनसहयोग से बदल दी स्कूल की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कुछ बेहतर करने की सोच अगर हो तो काम आसान होते चले जाते हैं। मदद खुद चलकर आती है। कुछ ऐसा ही उदाहरण शहर के मोहारा वार्ड के एक शासकीय स्कूल को संवारने में सामने आया है। यहां के पार्षद आलोक श्रोती ने एक पहल की और बिना किसी शासकीय मदद के जनसहयोग की एक फिजा ऐसी चली कि शासकीय स्कूल की दशा ही बदल गई।

मोहरा शासकीय प्राथमिक शाला अब बच्चों के लिए स्कूल ही नहीं, बल्कि शिक्षा के आकर्षण का केंद्र बन गया है। यहां दीवारों पर शिक्षा संबंधी आकर्षक पेंटिंग बच्चों को स्कूल से जोड़े रखती है। कभी उजाड़ दिखने वाले इस स्कूल के फर्श से लेकर छत तक सब कुछ बदल गया है।

#### शिक्षकों ने दिए वेतन

पार्षद की इस पहल में यहां के शिक्षकों ने भी अपना योगदान दिया। स्कूल की दशा सुधारने के लिए स्कूल की पेंटिंग और अन्य कार्यों में सहयोग करते शिक्षकों ने अपने वेतन से 6-6 हजार रुपए की राशि दी।



#### उपस्थिति में इजाफा

मोहरा प्राथमिक शाला के प्राचार्य हरिराम साहू ने बताया कि स्कूल में आकर्षक पेंटिंग, बेहतर व्यवस्था, टाइल्स लगने से न सिर्फ स्कूल के वातावरण में बदलाव आया, बल्कि बच्चों की उपस्थिति भी शत-प्रतिशत हो गई है। पालक जितेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि अब स्कूल काफी आकर्षक लगता है तो बच्चे भी बच्चे स्कूल आने उत्साहित रहते हैं।

#### कोई नहीं आता नंगे पैर

मोहरा वार्ड श्रमिक बाहुल्य होने के चलते यहां लगभग 130 की दर्ज संख्या में आधे से ज्यादा बच्चे नंगे पैर स्कूल आते थे, जिसे देखते हुए शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद ने महापौर मधुसूदन यादव के सहयोग से सभी बच्चों को जूते, मोजे, टाई, बेल्ट वॉटर बॉटल की व्यवस्था कराई।

#### संकल्प के साथ हुआ काम : आलोक

शासकीय स्कूल के कायाकल्प की सोच को लेकर मोहरा वार्ड



के पार्षद आलोक श्रोती का कहना है कि पार्षद बनने के बाद पहली प्राथमिकता इस स्कूल की दशा ठीक करनी थी। उन्होंने बताया कि इस स्कूल की फर्श कई जगह से उखड़ गई थी और फर्श के नीचे पेड़ों की जड़े निकल आई थी। इस फर्श को हटाकर टाइल्स लगाने की सोच आई। ग्रीष्मकालीन अवकाश के भीतर ही यह कार्य करना था, ऐसे में सरकारी मदद में वक्त लग जाता, इसलिए जनसहयोग मांगा गया। टाइल्स लगाने का कार्य शुरू करने के दौरान दीवारों पर उखड़ी हुई पुताई देखकर शिक्षाप्रद वॉल पेंटिंग करने की सोच आई और इसका एस्टीमेट बनाया गया तो लगभग 45 हजार रुपए लगने का अनुमान हुआ। इसके बाद जनसहयोग से मदद हुई, किसी ने रेत दिया, किसी ने सीमेंट, किसी ने टाइल्स और पेंट की व्यवस्था कर दी।

## बैठक में बनी रणनीति, आर्थिक नाकेबंदी का ऐलान

# गिरफ्तारी पर भड़के कांग्रेसी एनएच में करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस नेताओं पर लगातार हो रही ईडी की कर्रवाई का विरोध करते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 22 जुलाई को नेशनल हाईवे में चक्काजाम कर आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। इस चक्काजाम की रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने शहर के सतनाम भवन में एक बैठक की। इस बैठक में चक्काजाम को सफल बनाने कांग्रेसी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी ने छापेमार कार्रवाई करते भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को रिमांड में लिया। इसके बाद प्रदेशभर में ईडी का पुतला कांग्रेस में जलाया और अब इस मामले को लेकर आर्थिक नाकेबंदी की जा रही है। नेशनल हाईवे पर 22 जुलाई को आयोजित चक्काजाम की रणनीति बनाने आज कांग्रेस कार्यकर्ता एकजुट हुए। इस बैठक में कांग्रेसी पदाधिकारी ने कहा कि विपक्ष को जानबूझकर बदनाम किया जा रहा है।

केन्द्र की मोदी सरकार के निर्देश पर कांग्रेसजनों पर सीबीआई, ईडी भेजकर जबरन कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस पदाधिकारी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूब चुकी है। उनके कार्यकाल में अवैध शराब, बलात्कार, हत्या, डकैती, लूट, खनिज, रेत का अवैध उत्खनन बढ़ गया है, जंगल काटे जा रहे हैं। इन सब मुद्दों को कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहा हैं तो ईडी भेजी जा रही है।




#### कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा और ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। जिसमें चक्काजाम को सफल बनाने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां बांटी गई। नेशनल हाईवे पर शहर के पार्रीनाला बाईपास के समीप कांग्रेसियों द्वारा चक्काजाम किया जाएगा। इस चक्काजाम से स्कूली बस और एम्बुलेंस को मुक्त रखा गया है।

#### बैठक को किया संबोधित

सरकार को घेरने आयोजित इस बैठक को कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी सुजीत बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, भुवनेश्वर बघेल, जीतू मुद्लियार, संतोष पिल्ले ने संबोधित करते अपने सुझाव रखे।

# बैराज निर्माण स्थल से छड़ चोरी, 6 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोंगरा बैराज निर्माण स्थल से 18 बंडल छड़ चोरी करने के मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

आवेदक अशोक पाण्डेय ने शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया कि उनका मितान इंटरप्राईजेस के नाम से फर्म हैए जिसे मोंगरा बैराज में वाटर रिर्सोस डिपार्टमेंट का इंपेक्शन बंगला बनाने का टेंडर मिला था। आवेदक द्वारा ग्राम मोंगरा बैराज में निर्माणाधीन भवन के लिए बिल्डिंग मटेरियल रखा गया था। जिसके चौकीदारी के लिए सोनू रावटे निवासी ग्राम मोंगरा को रखा गया था। जिसके द्वारा ठीक से ड्यूटी नहीं करने पर उसे काम में आने से मना कर दिया था। कुछ माह बाद अपने निर्माणाधीन भवन के लिए रखे गए छड़ में कमी महसूस होने पर गिनती करने पर 18 बंडल छड़ कम होना पाया गया। गांव के लोगों से पूछताछ कर अज्ञात संदेही की पतासाजी किया जा रहा था। मोंगरा बैराज में निर्माणाधीन भवन से 18 बंडल छड़ कीमती एक लाख पचास हजार रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है।



#### आरोपी पकड़े गए

इस मामले में पुलिस द्वारा 19 जुलाई को संदेहियों से पूछताछ करने पर सोनू रावटे एवं उनके 4 साथियों द्वारा 18 बंडल छड़ को चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपी सोनू रावटे 20 साल निवासी ग्राम मोंगरा, फनेश तारम 23 साल निवासी ग्राम मोंगरा, लक्की खुटे 21 साल निवासी ग्राम भड़सेना, शुभम कुमार कुंभकार 20 साल साकिन भड़सेना, तुफान सिंह नेताम 23 साल साकिन भड़सेना एवं पिकअप वाहन का स्वामी चालक विनय कुमार साहू 22 निवासी ग्राम सेम्हरबांधा थाना अं. चौकी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर चोरी गए 18 बंडल लोहे के छड़ को पिकअप वाहन में ले जाकर छुपाना बताए। कुल 18 बंडल छड़ में से 8 बंडल छड़ को मोंगरा में हरिशचंद केंवट के घर बाड़ी के पीछे झाड़ी में छिपाकर रखे एवं 3 बंडल लोहे का छड़ ग्राम भड़सेना में बिजली पोल के पास छिंदी झाड़ में छुपाकर रखा था। कुल 11 बंडल छड़ को पुलिस ने जब्त किया।

# पर्यावरण संरक्षण अभियान का आगाज

**राजनांदगांव**। वन एवं पर्यावरण जलवा परिवर्तन सवंर्धन परिषद इकाई की राष्ट्रीय बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम मंथन 2025 की बैठक हरियाणा टूरिज्म के फरीदाबाद सूरजकुंड में संपन्न हुई। बैठक में 22 राज्यों के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने हिस्सा लिया। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वन विस्तार और जलवायु परिवर्तन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ से चेयरमैन पुनीत कुमार और वाईस चेयरमैन नीलेश श्रीवास्तव भी शामिल हुए। बैठक में परिषद के केन्द्रीय बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के साथ-साथ केंद्रीय एडमिनिस्ट्रटीव टीम भी उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल द्विवेदी ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विक्रम शर्मा सेंट्रल डायरेक्टर एजुकेशन एंड ट्रेनिंग बोर्ड द्वारा प्रशिक्षण व मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण में परिषद की कार्यप्रणाली, राज्य स्तर पर संचालन की रणनीति एवं संगठनात्मक दक्षता पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



#### वाइस चेयरमैन ने दिए सुझाव

वाइस चेयरमैन नीलेश श्रीवास्तव ने भी बैठक में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिसमें उपस्थित लोगों ने काफी सराहा। निलेश श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश पूरी तरह से वन्य आधारित है। ऐसे में खासकर उन क्षेत्रों में जहां पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता नहीं है, उन्हें जागरूक किया जाना चाहिए।

#### योजनाओं पर चर्चा

बैठक में हरित सैनिक अभिमान, ग्राम वन योजना, वृक्षमित्र योजना आदि विषय पर गभीरता से विचार-विमर्श किया गया। परिषद द्वारा बताया गया कि भारत सरकार की सभी योजनाओं को अपनी प्रमुख परियोजनाओं के रूप में शामिल करते हुए एक पेड़ मां के नाम के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं पर साथ-साथ काम कर रही है। जिसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी।






